हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 102, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 10 अक्टूबर, 2023 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

## तंजानिया की राष्ट्रपति हसन के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने की द्विपक्षीय बैठक

### दोनों देशों के बीच हुए कई अहम समझौते, लोकल करेंसी में व्यापार को बढ़ावा देंगे दोनों देश



नई दिल्ली। तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहु हसन चार दिवसीय यात्रा पर भारत में पहुंची हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समग्र द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करते हुए सोमवार को राष्ट्रपति सामिया सुलुहु हसन के साथ व्यापक बातचीत की। इस द्विपक्षीय बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते पर सहमति बनी। पीएम नरेंद्र मोदी और तंजानिया की राष्ट्रपति डॉ. सामिया सुलुहु हसन की उपस्थिति में हैदराबाद हाउस में दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। मालूम हो कि दोनों देशों ने डिजिटल डोमेन, संस्कृति, खेल, समुद्री उद्योग और व्हाइट शिपिंग सूचना साझाकरण में सहयोग प्रदान करने वाले छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस दौरान पीएम मोदी और तंजानिया की राष्ट्रपति ने हैदराबाद हाउस में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा, "मैं राष्ट्रपति और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करता हूं। तंजानिया के राष्ट्रपति के रूप में यह उनकी पहली यात्रा है, लेकिन वे भारत और भारत के लोगों से लंबे अरसे से जुड़ी हैं। अफ्रीकन यूनियन के जी20 में स्थाई सदस्य के रूप में जुड़ने के बाद पहली बार हमें किसी भी अफ्रीकन राष्ट्राध्यक्ष का भारत में स्वागत करने का अवसर मिला है।" साथ ही उन्होंने कहा, "आज का दिन भारत और तंजानिया के संबंधों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। आज हम अपनी सदियों पुरानी मित्रता को भावी रणनीतिक साझेदारी के सूत्र में बांध रहे हैं। भारत और तंजानिया आपसी व्यापार और निवेश के लिए एक-दूसरे के महत्वपूर्ण साझेदार हैं। दोनों पक्ष लोकल करेंसी में व्यापार बढ़ाने के लिए एक एग्रीमेंट पर काम कर रहे हैं।" पीएम मोदी ने कहा, "भारत ने ICT केंद्रों, व्यावसायिक प्रशिक्षण, रक्षा प्रशिक्षण, ITEC और ICCR छात्रवृत्ति के माध्यम से तंजानिया के कौशल विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जल आपूर्ति, कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में साथ मिलकर काम करते हुए हमने तंजानिया के लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया है।" पीएम मोदी ने कहा, "IIT मद्रास द्वारा जंजीबार में एक केंद्र खोलने की घोषणा हमारे संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। रक्षा के क्षेत्र में हम 5 साल के रोडमैप पर सहमत हुए हैं। इसके जरिए सैन्य प्रशिक्षण, समुद्री सहयोग, क्षमता निर्माण और रक्षा उद्योग जैसे क्षेत्रों में नए आयाम जुड़ेंगे। मुझे खुशी है कि तंजानिया ने जी 20 शिखर सम्मेलन में भारत द्वारा शुरू किए गए वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन में शामिल होने का फैसला किया है।" पीएम मोदी ने कहा, "भारत और तंजानिया इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद मानवता के लिए सबसे गंभीर खतरा है। इस संबंध में हमने आतंकवाद-निरोध के क्षेत्र में आपसी सहयोग बढ़ाने का भी निर्णय लिया है।" तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहु हसन ने दिल्ली में पीएम मोदी के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि तंजानिया, भारत-अफ्रीका शिखर सम्मेलन में भाग लेगा और हम शिखर सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आवश्यक भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के निमंत्रण पर तंजानिया की राष्ट्रपति रविवार को दिल्ली पहुंची। हवाई अड्डे पर केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति हसन का आज पहले राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया गया और उन्होंने राजघाट पर पुष्पांजलि समारोह में भाग लिया।

### भारत का इजरायल को समर्थन आतंकवाद की गहरी समझ पर आधारित, राजदूत नाओर गिलोन ने पीएम मोदी का जताया आभार

नई दिल्ली। भारत में इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा कि भारत का समर्थन इजरायल के लिए दो कारणों से महत्वपूर्ण है और उनमें से पहला है दुनिया में भारत का महत्व। वहीं, दूसरा, आतंकवाद के खिलाफ भारत की लंबी लड़ाई से संबंधित है। नाओर ने बताया कि भारत एक ऐसा देश है, जो आतंकवाद को जानता है। नाओर ने कहा कि इजरायल को केवल नैतिक और राजनीतिक समर्थन की आवश्यकता है। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए योजना को क्रियान्वित करने की क्षमता की आवश्यकता है कि हमास फिर से किसी को धमकी नहीं देगा। हमास द्वारा इजरायल पर हमला करने के एक दिन बाद रविवार को नाओर गिलोन ने कहा भारत दुनिया में एक बेहद महत्वपूर्ण स्थान रखता है और इस बात पर जोर दिया कि इजरायल को भारत का समर्थन अज्ञानता के बजाय आतंकवाद की गहरी समझ पर आधारित है। नाओर ने आगे कहा कि इजराइल को भारत के मजबूत समर्थन की जरूरत है, क्योंकि हमास अब खुद को पीड़ित के रूप में पेश करेगा। अब उनके पास छिपने के लिए और खुद को पीड़ित के रूप में पेश करने के लिए इजरायली बंधक भी हैं। यह हमेशा मुद्दा रहता है।

## देवरिया में पैमाइश के दौरान हंगामा कर रहे सपाइयों पर पुलिस ने जमकर बरसाई लाठियां, मची भगदड़



देवरिया। जिले के रुद्रपुर के फतेहपुर गांव के अभयपुर टोले में पैमाइश की सूचना पर बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता सोमवार को जुट गए। दबंग प्रेमचंद के घर के पास करीब एक घंटे तक हंगामा और नारेबाजी की। मामले को राजनीतिक रूप देने की सूचना मिलते ही एएसपी राजेश सोनकर व सीओ अंशुमन श्रीवास्तव पुलिस बल के साथ पहुंचे। सपा कार्यकताओं की उग्र तेवर को देखते हुए पुलिस ने लाठी चार्ज किया। जिसके बाद भगदड़ मच गई। कार्यकर्ता खेत के रास्ते भागने लगे। उधर राजस्व विभाग की दो टीमें मौके पर पैमाइश कर रही हैं। फतेहपुर के लेहड़ा टोले में सामूहिक नरसंहार के चार आरोपितों के अवैध निर्माण ढहाए जाने की प्रक्रिया चल रही है। दूसरी बार पैमाइश कराने के लिए सोमवार को रुद्रपुर के एसडीएम रत्नेश तिवारी, तहसीलदार अरुण कुमार बड़ी संख्या में राजस्व कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। दबंग प्रेमचंद के अधिवक्ता गोपी यादव ने राजस्व संहिता के तहत सीमा से सीमांकन कराने की मांग की। जिस पर एसडीएम ने समझाया और पैमाइश में किसी तरह की दिक्कत समझ में आने पर लिखित शिकायत करने की बात कहते हुए दो टीमें पैमाइश के लिए बना दी। एक टीम में दो कानूनगो व आठ लेखपाल को रखा गया है। उत्तर व दक्षिण से पैमाइश की प्रक्रिया चल रही है। लगभग 12 बजे सपा जिलाध्यक्ष ब्यास यादव, अशोक कुशवाहा समेत अन्य सपा के वरिष्ठ नेता पहुंचे। इसके चंद मिनट बाद सैकड़ों की संख्या में सपाई पहुंच गए और हंगामा करते हुए धरने पर बैठ गए। राजनीति होने की सूचना मिलते ही एसपी संकल्प शर्मा के निर्देश पर मौके पर एएसपी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पुलिस पहुंच गई और वहां मौजूद लोगों को खदेड़ दिया। हंगामे के बाद गांव में आने वाली सभी सड़कों के साथ ही पगडंडियों पर भी पुलिस का पहरा लगा दिया गया है। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस तैनात कर दी गई है। पैमाइश का कार्य चल रहा है। हंगामा करने वाले कुछ लोगों को दौड़ाकर पकड़ लिया। पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उधर गांव के बाहर खेतों में हंगामा करने वाले लोग अभी भी खड़े है। जिसके चलते पुलिस सतर्क है। बवाल की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा फतेहपुर गांव पहुंचे। बवाल कर रहे लोगों के बारे में जानकारी ली। मौके पर पहले से मौजूद अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सोनकर एवं को रुद्रपुर अंशुमन श्रीवास्तव को निर्देश दिया कि सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने वाले लोगों को किसी भी हाल में छोड़ा न जाए।

## 'लोकल फॉर वोकल' की नीति से ढाई सौ गुना बढ़ा उद्योगः योगी आदित्यनाथ

### भदोही, मिजार्पुर और वाराणसी से होता है 60 फीसदी कालीन का निर्यात, भदोही डर और भय के आतंक को पीछे छोड़ हस्तशिल्प उद्योग में बनाई पहचान

प्रखर भदोही । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कालीन नगरी भदोही में कार्पेट एक्सपो मार्ट में 45 वें 'इंडिया कार्पेट एक्सपो' का उद्घाटन किया। निर्यातकों की तरफ से लगाई गई कार्पेट दुकानों का भी अवलोकन किया। जिला कारागार के बन्दियों द्वारा हस्तनिर्मित कालीन के स्टॉल को भी देखा एवं उनकी कारीगरी की सराहना किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक्सपो मार्ट में थीम पैवेलियन के उपरांत ओडीओपी एवं जीआई लाइव डेमो को भी देखा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कालीन उद्यम सम्बंधित योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को टूल किट एवं चेक का वितरण करने के साथ-साथ बुनकरों को सम्मानित भी किया। इसके अलावा लघु फिल्म प्रसारण व ब्रांड 'कार्पेट' का भी लोकार्पण किया। बुनकरों, निर्यातकों व आयातकों को सम्बोधित भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सम्बोधन में बिना नाम लिए माफियावाद पर निशाना साधते हुए



कहा कि भदोही में कुछ वर्ष पहले जहां डर भय का माहौल व्याप्त था, वहीं अब यहाँ की परंपरागत उत्पाद नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। यहां के बुनकरों की कारीगरी व हुनर की विदेशों तक सराहना हो रही है। भदोही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कालीन एक्सपोर्ट का हब बन गया है। यह हमारे लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि 4 वर्षों में 'लोकल फार वोकल' एवं ओडीओपी योजना लागू होने के बाद ढाई सौ गुना उद्योग बढ़ा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में कार्पेट एक्सपो कार्यक्रम आयोजित हुआ था, जहां पर 5000 करोड़ से अधिक का व्यवसाय हुआ। जो अब तक का सबसे बड़ा सफल आयोजन रहा। उन्होंने कहा सरकार लगातार बुनकरों व कालीन उद्यमियों को प्रोत्साहित करने का काम कर रही है। हस्तशिल्प कारीगरों को आगे बढ़ाने की जरूरत है। देश से जितना भी कालीन निर्यात होता है उनमें 60 फीसदी कालीन भदोही मिजार्पुर वाराणसी से होता है।

## मायावती ने काशीराम की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि, बोली- उनके नेतृत्व में बनी बसपा की चार बार सरकार




नई दिल्ली। बामसेफ व बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक काशीराम की आज पुण्यतिथि है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने काशीराम की पुण्यतिथि पर लखनऊ स्थित बसपा कार्यालय में पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर मायावती ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स के जरिए कहा- "बामसेफ, डीएस-4 एवं बहुजन समाज पार्टी के संघर्ष से जुड़े देश भर में उनके अपार अनुयाईयों को, परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेन्ट को जीवित रखने वाले, कांशीराम की आज पुण्यतिथि पर उनको शत-शत नमन व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित।" मायावती ने काशीराम की तारीफ करते हुए कहा- "सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त कर बहुजन समाज को गुलामी/लाचारी के जीवन से निकाल उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने हेतु अपना जीवन व सब कुछ बीएसपी मूवमेन्ट को न्योछावर करने के उनके संघर्ष से यूपी में बीएसपी की 4 बार सरकार बनी व यहां सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति की मजबूत नींव पड़ी।"

## कोटा में छात्रों की आत्महत्या मामले को धर्मेंद्र प्रधान ने बताया संवेदनशील, बोले- बच्चों को करेंगे तनावमुक्त



नई दिल्ली। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि कोचिंग संस्थानों के लिए प्रसिद्ध कोटा में छात्रों द्वारा बड़ी संख्या में आत्महत्या करना एक संवेदनशील मुद्दा है और छात्रों को तनाव मुक्त रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि डमी स्कूलों के मुद्दे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इस पर गंभीर चर्चा करने का समय आ गया है। डमी स्कूल उन स्कूलों को कहा जाता है, जहां छात्रों को नियमित रूप से जाना अनिवार्य नहीं होता। छात्रों का कार्यभार कम करने के नाम पर कोचिंग सेंटर नियमित स्कूलों के साथ गठजोड़ कर रहे हैं। एक विशेष साक्षात्कार में प्रधान ने यह भी कहा कि 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में साल में दो बार शामिल होना अनिवार्य नहीं होगा। सिर्फ एक बार अवसर मिलने के डर से होने वाले तनाव को घटाने के लिए यह विकल्प पेश किया जा रहा है। कोटा में छात्रों की आत्महत्या के सवाल पर प्रधान ने कहा कि किसी की जान नहीं जानी चाहिए। वे हमारे बच्चे हैं। यह बहुत संवेदनशील मुद्दा है। उनके पास इतनी परिपक्वता या ज्ञान भी नहीं है कि उनके साथ क्या हो रहा है। केंद्र सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए पहल कर रही है कि कोचिंग की आवश्यकता नहीं है और स्कूली शिक्षा पर्याप्त है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश में पर्याप्त सकारात्मक माडल हैं। उन्हें प्रौद्योगिकी, सामाजिक पहुंच, देखभाल और परामर्श के माध्यम से अमल में लाया जाना चाहिए। एनसीईआरटी इस पर विचार-मंथन कर रहा है। शिक्षा विभाग भी काम कर रहा है। राज्य सरकार भी विभिन्न परिपत्रों और दिशानिदेशों के साथ आ रही है, लेकिन समाज को इस मुद्दे पर कार्यान्वयन के मोर्चे पर मिलकर काम करने की जरूरत है। इस साल अगस्त में जारी करीकुलम फ्रेमवर्क में शिक्षा मंत्रालय ने 10वीं और 12वीं कक्षाओं की बोर्ड परीक्षा साल में दो बार आयोजित करने का प्रस्ताव किया है। इस बारे में पूछे जाने पर प्रधान ने कहा, विद्यार्थियों के पास इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई की तरह ही साल में दो बार बोर्ड परीक्षा में शामिल होने का विकल्प होगा।

## देवरिया सामूहिक हत्याकांडः आपस में भिड़े भाजपा विधायक शलभ मणि व शिवपाल, बात गुंडा और हैसियत तक पहुंची



गोरखपुर। देवरिया जिले में रुद्रपुर के फतेहपुर के लेड़हा टोला में दो अक्तूबर को हुए सामूहिक हत्याकांड को लेकर शहर के देवरिया-सलेमपुर मार्ग पर सोंदा स्थित अक्षय वाटिका में रविवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था। इस सभा में सदर विधायक डॉ. शलभ मणि ने कहा कि दुबे परिवार के लोगों की नृशंस हत्या हुई है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सपा पर हमला बोलते हुए कहा कि इस प्रदेश की जनता ने समाजवादी पार्टी का गुंडाराज देखा है, इस वजह से सदा-सदा के लिए सत्ता से बाहर कर दिया है। कहा कि समाजवादी पार्टी के गुंडे मेरे ऊपर आरोप लगाते हैं, कहते हैं विधायक ने हत्या कराई... अरे मैं चुनौती देता हूं तुम्हारी हैसियत है तो एक हजार जांच करा ले।

**शिवपाल यादव ने पलटवार किया**- इस बात को लेकर शिवपाल यादव ने पलटवार किया है कि उन्होंने कहा ट्विटर यानि एक्स पर पोस्ट किया कि विधायक जी, सपा तो विपक्ष में है। आप सियासी रोटी सेंकना बंद कर प्रशासन की जवाबदेही व जिम्मेदारी तय करा लें और अगर पीड़ितों को निष्पक्ष न्याय दिलाने की आप में हैसियत हो तो न्याय जरूर दिला दें। इस पर दोबारा एक्स पर शलभ मणि ने जवाब दिया कि शिवपाल जी, आपकी सरकार का आतंक लोग भूले नहीं, ये पूरा विवाद ही 2014 से है, जब आप सत्ता के मद में अन्याय करा रहे थे। जवाहरबाग से लेकर देवरिया तक जमीनें कब्जा करवा रहे थे। आज भी सपा भले विपक्ष में है, पर अराजकता ही इसकी पहचान है, योगी जी की सरकार है, इसीलिए न्याय की उम्मीद है। बाकी फिर कहता हूं, एक हजार मुकदमे करा लीजिए, या धमकियां दिलवा लीजिए, न डरा हूं, न डरूंगा, गुंडों को गुंडा कहूंगा, भू माफिया को भूमाफिया।

## बैठक में कांग्रेस का चुनावी मंथन, खरगे बोले- 5 राज्यों में जीतने के लिए लगानी होगी पूरी ताकत

नई दिल्ली। दिल्ली के एआईसीसी के कार्यालय में कांग्रेस के कार्य समिति की अहम बैठक का आयोजन किया गया था। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को पार्टी कार्यकताओं से समन्वय, अनुशासन और एकता के साथ काम करने और पांच राज्यों में चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत लगाने को कहा। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की एक महत्वपूर्ण बैठक में पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए, उन्होंने एक बार फिर एससी, एसटी और ओबीसी को उनकी आबादी के अनुसार सामाजिक न्याय और अधिकार सुनिश्चित करने के लिए देशव्यापी जाति जनगणना कराने की मांग उठाई। खरगे ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं में उचित हिस्सेदारी के लिए, समाज के कमजोर वर्गों की स्थिति पर सामाजिक-आर्थिक डेटा होना और उनके लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि अगर पार्टी 2024 के लोकसभा चुनाव में सत्ता में आई तो, महिला आरक्षण लागू करेगी। पार्टी नेताओं से सरकार की विफलताओं को उजागर करने के प्रयासों में तेजी लाने के लिए कहते हुए, उन्होंने कहा कि उन्हें सत्तारूढ़ भाजपा के झूठे प्रचार का तुरंत मुकाबला करना चाहिए, क्योंकि चुनाव नजदीक आने पर ऐसे झूठ बढ़ जाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा, "मणिपुर में प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति चुनाव वाले राज्यों में उनकी




लगातार यात्राओं के बिल्कुल विपरीत है। कांग्रेस पार्टी पर झूठ और झूठ से भरे उनके आधारहीन हमले आने वाले दिनों में बढ़ जाएंगे। यह जरूरी है कि हम इन झूठों का मुकाबला अपने बयानों के जरिए करें।" खरगे ने राजस्थान, छत्तीसगढ़, एमपी, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनावों के लिए एक प्रभावी रणनीति की आवश्यकता को भी रेखांकित किया। बैठक में उन्होंने कहा, "जैसा कि हम आगामी विधानसभा चुनावों और आम चुनावों के करीब हैं, यह महत्वपूर्ण है कि पार्टी सावधानीपूर्वक समन्वय और पूर्ण अनुशासन और एकता के साथ काम करे।" कांग्रेस प्रमुख ने कहा, "आज हमारा देश महंगाई, बेरोजगारी और पुरानी पेंशन योजना को लागू करने में सरकार की विफलता का सामना कर रहा है। सत्तारूढ़ दल की विभाजनकारी रणनीति और स्वायत्त निकायों का दुरुपयोग लोकतांत्रिक स्थिरता के लिए खतरा है।" उन्होंने यह भी कहा कि 2024 में, हमें एक ऐसी सरकार स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए, जो देश के सामने आने वाली गंभीर चुनौतियों का समाधान करे और हाशिए पर रहने वाले युवाओं, महिलाओं, किसानों और मजदूरों की जरूरतों को पूरा करे। उन्होंने कहा, इसके साथ ही, हमें लोगों की आवाज के प्रति सचेत रहते हुए महंगाई और बेरोजगारी जैसे गंभीर मुद्दों का समाधान करना चाहिए।

## राहुल गांधी ने जाति जनगणना पर लोगों की भावनाओं के अनुरूप काम किया : जयराम

नई दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मिले पिछड़े वर्ग के लोगों की जाति जनगणना की मांग को आगे बढ़ाने का फैसला किया है और पार्टी नेतृत्व ने इस कदम का समर्थन किया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जयराम रमेश ने इस बात का जिक्र किया। 'एक्स' पर एक पोस्ट में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान एक बात थी जो लगभग हर राज्य के पिछड़े वर्ग के लोगों की मांग थी और वह थी कि देश में जाति जनगणना होनी चाहिए। रमेश ने कहा, "राहुल जी ने लोगों की भावनाओं के अनुरूप काम किया और कांग्रेस नेतृत्व ने इसका समर्थन किया।" गौरतलब है कि उनकी टिप्पणी एआईसीसी मुख्यालय में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की महत्वपूर्ण बैठक से पहले आई थी। कांग्रेस ने जाति जनगणना पर जोर देने का रुख अपनाया है। बिहार द्वारा राज्य में जाति जनगणना के निष्कर्ष जारी करने के बाद, कांग्रेस शासित राजस्थान ने इसी तरह की कवायद आयोजित करने के लिए शनिवार को आदेश जारी किए। छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेस ने घोषणा की है कि अगर वह दोबारा सत्ता में



आई, तो वह जाति सर्वेक्षण कराएगी। कांग्रेस ने यह भी दावा किया है कि मध्य प्रदेश में भी उसका मुख्य एजेंडा जाति जनगणना कराना होगा। कांग्रेस शासित कर्नाटक ने पहले ही सर्वेक्षण की घोषणा कर दी है और इस साल के अंत में इसके नतीजे आने की संभावना है।

## संपादकीय

## मालदीव से मेसेज

मालदीव के चुनाव नतीजे इस मायने में जरूर भारत के लिए निराशाजनक कहे जा सकते हैं कि विजेता के रूप में उभरे नेता मोहम्मद मुइज्जू खुले तौर पर भारत विरोधी अजेंडा चलाते रहे हैं। मुइज्जू को पूर्व राष्ट्रपति यामीन का समर्थन हासिल है जो अपनी भारत विरोधी और चीन समर्थक नीतियों के लिए जाने जाते रहे हैं। इस लिहाज से यह लगभग तय है कि मुइज्जू की अगुआई वाली सरकार के कार्यकाल में सामरिक तौर पर महत्वपूर्ण इस द्वीप राष्ट्र में भारत को वैसी प्राथमिकता नहीं मिलेगी जैसी सबसे करीबी और महत्वपूर्ण पड़ोसी देश के नाते उसे मिलनी चाहिए। मगर फिर भी यह मान लेना उचित नहीं होगा कि यहां से भारत का प्रभाव पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। इसके पीछे कई ठोस वजहें हैं। पहली बात तो यह कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में सरकारों के हेर-फेर से हितों के समीकरण रातों-रात पूरी तरह बदल नहीं जाते। ये समीकरण जिन हालात पर निर्भर करते हैं वे तुरंत नहीं बदलते और ये कभी-कभी सरकारों को भी अपना रुख बदलने के लिए मजबूर कर देते हैं। इसका एक अच्छा उदाहरण श्रीलंका है जहां अपने पिछले कार्यकाल में चीन का पिछलग्गू माने जाने वाले महिंदा राजपक्षे की सत्ता में वापसी भी भारत और श्रीलंका के द्विपक्षीय रिश्तों पर कोई खास असर नहीं डाल सकी। आर्थिक संकट ने जहां कुछ समय में राजपक्षे को सत्ता से बाहर कर दिया वहीं भारत को 4 अरब डॉलर की आपात सहायता की बदौलत शुभचिंतक पड़ोसी की अपनी भूमिका मजबूत करने का मौका दे दिया। दूसरी बात, अगर चीन पिछले राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के पूरे कार्यकाल के दौरान मालदीव में अपने पांव जमाए रख सका तो कोई कारण नहीं कि भारत ऐसा नहीं कर सकेगा। चाहे 50 करोड़ डॉलर की लागत वाले ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रॉजेक्ट की बात हो या 38 अन्य कम्युनिटी डिवेलपमेंट प्रॉजेक्ट्स की, ये वहां के ट्रांसपोर्ट ही नहीं, लोकल इकॉनमी का भी स्वरूप बदलने वाले हैं। कोई भी सरकार इन प्रॉजेक्ट्स की राह में अड़ंगा डालकर अपने लोगों का गुस्सा मोल नहीं लेना चाहेगी। तीसरी बात यह कि मुइज्जू को मिले पूर्व राष्ट्रपति यामीन के समर्थन के साथ भी कई किंतु-परंतु जुड़े हैं। इसके पीछे यह समझ है कि सत्ता में आते ही मुइज्जू यामीन की रिहाई का बंदोबस्त करेंगे। यामीन ने चुनाव में मुइज्जू का समर्थन भी इसलिए किया क्योंकि वह खुद नहीं लड़ सकते थे और चुनाव के बहिष्कार की उनकी अपील सफल होती नहीं दिख रही थी। अब चुनाव हो चुके हैं और शुरूआती संकेत बताते हैं कि मुइज्जू अपने कार्यकाल में चीन का समर्थन करते हुए उस हद तक आगे नहीं बढ़ेंगे जहां तक यामीन चले गए थे। आखिर भौगोलिक स्थिति का अपना महत्व है और भारत आज भी मालदीव का सबसे करीब का विशाल पड़ोसी देश है। डिप्लोमेसी सही ढंग से अपना काम करे तो इन कारकों की अहमियत आज नहीं तो कल स्थापित हो ही जाएगी।

## खोज रहे हैं सीट !



शुरू हो गया मंथन ।
किस पर पलड़ा भारी ?
खोज रहे हैं सीट ।
करने को तैयारी ।।
कदम है जमाना ।
रहे अब तलाश ।।
बढ़ जाए कुछ हलचल ।
बनें हम भी खास ।।
नया कलेवर नया रूप ।
है हमको अपनाना ।।
बन जाए कुछ इस तरह ।
मौसम ये सुहाना ।।
लग गए हैं काम पर ।
लोग कुछ हमारे ।।
करें थोड़ा इंतजार ।
और फिर निहारें ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# हमास का इसराइल पर वार–भारत अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ तैयार

**एडवोकेट किशन भावनानीं**

वैश्विक स्तर पर तेजी से बदलते घटनाक्रम में जहां रूस-यूक्रेन युद्ध की समस्या अभी टली नहीं है, बल्कि बढ़ती जा रही है वहीं शनिवार से हमास फिलिसतीन द्वारा इजराइल पर पांच छह हजार से अधिक मिसाइल से हमला कर पूरी दुनियां का ध्यान आकर्षित कर दिया है। आज सोमवार दिनांक 9 अक्टूबर 2023 को देर शामतक प्रिंट इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया पर इस हमले के अपडेट्स जारी हैं, वहीं इसराइल ने भी आधिकारिक तौर पर युद्ध की घोषणा कर दी है। हालांकि फिलिस्तीनियों और इजरायल यहूदियों का यह मुद्दा बहुत पुराना है, जब अखंड भूमि पर ब्रिटिश राज था उस समय यहूदियों द्वारा अलग क्षेत्र की मांग की गई थी यहीं से यह विवाद प्रारंभ हुआ था। वर्तमान भाव स्थिति शायद पहले कभी नहीं हुई थी। जग जाहिर है कि अमेरिका और भारत सबसे अधिक आतंकवाद के पीड़ित देश हैं। कुछ वर्षों से दोनों की अति नजदीकियां हुई है, अनेक रणनीतिक साझेदारियां भी हुई है और कनाडा भारत विवाद के बावजूद अमेरिका द्वारा शुक्रवार दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेटागन)ने कहा था कि भारत-अमेरिका मजबूत रक्षा साझेदारी बनाए रखने का प्रयास जारी रखेंगे और 8 अक्टूबर 2023 को अल मॉर्निंग में ही अमेरिका के खास प्रिय इसराइल पर हमास के हमले की जानकारी तेजी से सारी दुनियां में फैली जिसपर अमेरिका का तुरंत रिएक्शन आया और रात 12जो बिडेन की प्रतिक्रिया इसराइल का साथ देने की जानकारी दी। वहीं भारत नें भी आतंकवाद के खिलाफ इजराइल का साथ दिन देने का ऐलान व समर्थन किया, जिसपर दिनांक 8 अक्टूबर 2023 को देर शाम इसराइली राजदूत ने कहा समर्थन से वे बेहद उत्साहित हैं। चूंकि आतंकवाद के खिलाफ भारत अमेरिका हमेशा से ही साथ-साथ हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था और देश की संप्रभुता के संरक्षण में भारत अमेरिका की साझेदारी सराहनीय है।



साथियों बात अगर हम हमास इजरायल युद्धकी करें तो,शनिवार को हमास के लड़ाकों द्वारा एक आश्चर्यजनक हमले में गाजा की सीमा का उल्लंघन करने के एक दिन बाद इस्राइल और हमास के बीच लड़ाई तेज हो गई है। हमास के रॉकेट हमलों और जमीनी हमले में मरने वालों की संख्या रविवार को 400 से अधिक हो गई, जबकि 2000 अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। पेपर ऑफ इस्त्राइल ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि गाजा में कई इस्त्राइलियों को बंधक बना लिया गया था। वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक, ऑपरेशन का पहला चरण हमारे क्षेत्र में घुसने वाली कई दुश्मन ताकतों के खात्मे के साथ समाप्त हो गया था।इस्त्राइल के पीए ने हमास को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए दावा किया कि उसने एक खतरनाक युद्ध शुरू किया है। इस्त्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) उनकी क्षमता को कमजोर करने के लिए अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगा। साथियों बात अगर हम इस मामले में भारत के रुख की करें तो, इजरायल में हुए हमास आतंकियों के हमले को लेकर तमाम देशों ने इसकी आलोचना की है। वहीं भारत के पीएम ने भी इजरायल को समर्थन दिया। उन्होंने कहा इजरायल में आतंकवादी हमलों की खबर से गहरा धक्का लगा है। इस हमले में मारे लोगों और निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं हैं। हम इस कठिन समय में इजरायल के साथ एकजुटता से खड़े है। इस्त्राइल पर हमास आतंकवादियों द्वारा किए गए हमलों के बीच भारत ने इस्त्राइल को समर्थन देने की बात कही है। भारत में मौजूद इस्त्राइल के राजदूत ने रविवार को इस पर प्रतिक्रिया दी। जिसमें उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में एक खास महत्व रखता है। भारत का इस्त्राइल को समर्थन आतंकवाद की गहरी समझ पर आधारित है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा सोशल मीडिया भारतीय लोगों के समर्थन से भरा पड़ा है। हम इसकी सराहना करते हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि भारत आतंकवाद को जानता है। राजदूत ने कहा,मुझे कई समर्थकों के फोन आए। फोन करने वालों में कई व्यापारी, मंत्री और सिविल सेवक है। ऐसे समर्थन से मैं बहुत उत्साहित हूं। साथ ही युद्ध स्थिति पर जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि हमलों में इस्त्राइली और गैर-इस्त्राइली दोनों नागरिकों की जान गई है। जल्द ही उनका विवरण दुनिया के साथ साझा किया जाएगा। पीएम ने हमास द्वारा किए गए रॉकेट हमलों पर इजराइल के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि भारत की संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। साथियों बात अगर हम इस मामले पर अमेरिकी रूख की करें तो,अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायल को अपना समर्थन जताते हुए कहा, मैं इजरायल, पूरी दुनिया और कहीं भी बैठे आतंकियों से कहना चाहता हूं कि अमेरिका इजरायल के साथ खड़ा है। हम उनके साथ खड़े होने में कभी भी असफल नहीं होंगे। हम ये निश्चित करेंगे कि इजरायल के लोगों को जो भी मदद चाहिए वो हम उन्हें दें। वो अपना बचाव करना जारी रख सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, दुनिया भयावह तस्वीरें देख रही है। इजरायली शहरों पर हजारों रॉकेट बरस रहे हैं। हमास के आतंकवादी न केवल इजरायली सैनिकों बल्कि नागरिकों को सड़कों और उनके घरों में मार रहे हैं। यह अनुचित है।

इजरायल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा, मुझे यह बात यथासंभव साफ तौर पर कहना है कि यह किसी भी पार्टी के लिए इजरायल के खिलाफ हुए इन हमलों का फायदा उठाने का समय नहीं है। इजरायल की सुरक्षा के लिए मेरे प्रशासन का समर्थन दृढ़ और अटूट है। इजरायल और फिलिस्तीन एक बार फिर से आमने-सामने हैं। हमास के आतंकियों ने इजरायल के ऊपर अचानक से हमला कर दिया। तमाम देश में हमास के इस कायरपूर्ण हमले की कड़ी आलोचना की जा रही है। भारत ने अपने दोस्त मुल्क इजरायल का समर्थन किया है तो वहीं अमेरिका भी इजरायल के साथ खड़ा है। इजरायल और फिलिस्तीन एक बार फिर से आमने-सामने हैं। हमास के आतंकियों ने इजरायल के ऊपर अचानक से हमला कर दिया। अमेरिका ने इजरायल का खुला समर्थन किया है।

# जीएसटी काउंसिल की 52 वीं बैठक में महत्वपूर्ण बड़े फैसले हुए

वैश्विक स्तरपर वैसे तो अनेक देशों में सभी टैक्सों को मिलाकर एक जीएसटी टैक्स करने का प्रचलन शुरू है इसलिए ही काफी जद्दोजहद के बाद विशेष सत्र बुलाकर जीएसटी कानून 2017 पारित किया था और एक जीएसटी काउंसिल का गठन किया गया था, जिसमें केंद्रीय वित्त मंत्री की अध्यक्षता में पूरे राज्यों के वित्त मंत्री,अधिकारी केंद्र शासित प्रदेश के प्रभारी सदस्य होंगे और बदलती परिस्थितियों के अनुसार जीएसटी कानून को सुगम बनाने के लिए प्रतिमाह बैठक कर आवश्यक सुधार परिवर्तन अपडेट मिल किए जाते रहेंगे इसी कड़ी में शनिवार दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को 52 वीं बैठक आयोजित की गई जिसमें हुए फैसलों की जानकारी देर शाम की केंद्रीय वित्त मंत्री ने दी, जिसमें गन्ना किसानों को राहत देने के लिए गुड़ पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत, मोटे अनाज के आटे जिसमें 70 प्रतिशत मोटा अनाज होने पर जीरो जीएसटी, अल्कोहल युक्त शराब में इस्तेमाल ईएनए को जीएसटी दायरे से बाहर याने जीरो जीएसटी, अपीलेट ट्रिब्युनल्स में वकीलों की भी नियुक्ति,अपीलेट ट्रिब्युनल्स के अध्यक्ष और सदस्यों की उम्र बढ़ाने, जो करदाता अपील दायर करने से चूके हैं, उनकी अवधि 31 जनवरी 2024 तक बढ़ाना सहित कॉर्पोरेट गारंटी, जीएसटी फॉर्म संबंधी सुविधा उपायों पर निर्णय दिए गए हैं, जो सराहनीय है। चूंकि जीएसटी काउंसिल की 52 वीं बैठक में महत्वपूर्ण बड़े फैसले लिए गए हैं, इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, बदलती परिस्थितियों के अनुसार जीएसटी काउंसिल की 52 वीं बैठक में टैक्स दरों में बदलाव, व्यापार की सुविधा के उपायों पर फैसला सराहनीय है।

साथियों बात अगर हम वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी दरों में संबंधित सिफारिश की करें तो, (अ)(1) एचएस 1901 के तहत आने वाले पाउडर के रूप में मोटे अनाजों के आटे की खाद्य तैयारी, जिसमें वजन के अनुसार कम से कम 70 प्रतिशत मोटे अनाज शामिल हो, पर जीएसटी दरें निम्नलिखित तरीके से निर्धारित की गई हैं, जो अधिसूचना की तारीख से प्रभावी होंगीः0 प्रतिशत - यदि पूर्व-पैक और लेबल किए गए फॉर्म के अलावा किसी अन्य रूप में बेचा जाता है, 5 प्रतिशत - यदि पूर्व-पैक और लेबल किए गए रूप में बेचा जाता है। (2) यह स्पष्ट किया जाता है कि एचएस 5605 के अंतर्गत आने वाले धातुकृत पॉलिएस्टर फिल्म/प्लास्टिक फिल्म से बने नकली जरी धागे या धागे, 5 प्रतिशत जीएसटी दर को आकर्षित करने वाले नकल वाले जरी धागे या धागे की प्रविष्टि के अंतर्गत आते हैं। हालांकि, विपरीत होने की स्थिति में पॉलिएस्टर फिल्म (धातुकृत)/ प्लास्टिक फिल्म पर कोई रिफंड नहीं दिया जाएगा। (3) यदि विदेश जाने वाले जहाज तटीय मार्ग पर परिवर्तित होते हैं तो उन्हें जहाज के मूल्य पर 5 प्रतिशत आईजीएसटी का भुगतान करना पड़ेगा। जीएसटी परिषद ने विदेशी ध्वज वाले विदेशी जहाज को तटीय मार्ग में परिवर्तित होने पर सशर्त आईजीएसटी छूट की सिफारिश की है, यदि यह छह महीने में विदेश जाने वाले जहाज में परिवर्तित हो जाता है।क्क वस्तुओं से संबंधित अन्य बदलाव (1) जीएसटी परिषद ने मानवउपभोग के लिए अल्कोहल शराब के निर्माण में इस्तेमाल होने वाले एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल (ईएनए) को जीएसटी से बाहर रखने की सिफारिश की है।मानव उपभोग के लिए अल्कोहल शराब के निर्माण में उपयोग हेतु ईएनए को जीएसटी के दायरे से बाहर करने के लिए विधि आयोग कानून में उपयुक्त संशोधन की जांच करेगा। (2) गुड़ पर जीएसटी 28 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत। इस कदम से मिलों के पास नकदी बढ़ेगी और गन्ना किसानों को गन्ना बकाया का तेजी से भुगतान हो सकेगा। इससे पशु आहार के निर्माण की लागत में भी कमी आएगी, क्योंकि इसके निर्माण में गुड़ भी एक सामग्री होती है। (3) औद्योगिक उपयोग के लिए संशोधित स्पिरिट को कवर करने के क्रम में सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम में 8 अंकों के स्तर पर एक अलग टैरिफ एचएस कोड बनाया गया है। 18 प्रतिशत जीएसटी को आकर्षित करने वाले औद्योगिक उपयोग के लिए ईएनए से जुड़ी एक प्रविष्टि बनाने के लिए जीएसटी दर अधिसूचना में संशोधन किया जाएगा।

साथियों बात अगर हम कानून और प्रक्रियाओं से संबंधित सिफारिश की करें तो, (ब) प्रस्तावित जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरणों के अध्यक्ष और सदस्य की नियुक्ति के संबंध में सीजीएसटी अधिनियम, 2017 के प्रावधानों को न्यायाधिकरण सुधार अधिनियम, 2021 के प्रावधानों के अनुरूप करनाः परिषद ने सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 110 में संशोधन की सिफारिश की है, जिसमें व्यवस्था होगी कि, दस वर्षों से वकील व्यक्ति जिसे अपीलीय न्यायाधिकरण, केंद्रीय उत्पाद शुल्क और सेवाकरन्यायाधिकरण राज्य वैट न्यायाधिकरणों, या अन्य नामोंसे ज्ञातन्यायाधिकरणों, उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय में अप्रत्यक्ष कर कानूनों में मुकदमे बाजी का पर्याप्त अनुभव है, वह न्यायिक सदस्य के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र होगा अध्यक्ष और सदस्य के रूप में नियुक्ति हेतु पात्रता हेतु न्यूनतम आयु 50 वर्ष होनी चाहिए, अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल क्रमशः, अधिकतम 70 वर्ष और 67 वर्ष की आयु तक होगा। साथियों बात अगर हम व्यापार को सुविधाजनक बनाने के उपायों की करें तो, (स) ऐसे मामलों में जहां स्वीकार्य समय अवधि के भीतर अपील दायर नहीं की जा सकी, मांग आदेशों के खिलाफ अपील दायर करने हेतु माफी योजनाः परिषद ने वैसे कर योग्य व्यक्तियों के लिए सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 148 के तहत एक विशेष प्रक्रिया के माध्यम से एक माफी योजना प्रदान करने की सिफारिश की है, जो सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 73 या 74 के तहत 31 मार्च, 2023 को या उससे पहले पारित मांग आदेश के खिलाफ उक्त अधिनियम की धारा 107 के तहत अपील दायर नहीं कर सके या जिनकी उक्त आदेश के खिलाफ अपील केवल इस आधार पर खारिज कर दी गई थी कि उक्त अपील धारा 107 की उप-धारा (1) में निर्दिष्ट समय अवधि के भीतर दायर नहीं की गई थी।

# शौर्य का पर्याय भारतीय वायुसेना

भारतीय वायु सेना के शौर्य पर हम भारतीय नागरिक जितना चाहें गर्व कर सकते हैं। देश 8 अक्टूबर को वायुसेना दिवस के रूप में मनाता है। जिस दिन सन 1932 में भारतीय वायुसेना की स्थापना हुई थी। तब तो अंग्रेजी हुकूमत के दिनों में इसे रायल इंडियन एयफोर्स कहा जाता था। भारतीय वायु सेना के कार्यों और देश की मजबूत सुरक्षा के लिए वायु सेना के योगदान को हमेशा याद रखा ही जाना चाहिए। भारतीय वायुसेना की शक्ति सारे देश और देशवासियों को आश्वस्त करती रहती है। जब भी दुश्मन ने भारत पर हमला किया तो वायुसेना ने सेना के बाकी अंगों के साथ मिलकर शत्रु की गर्दन में ऐसा अंगूठा डाला है जिससे उसकी जान निकल गई है ।

भारतीय वायु सेना के गौरवमयी इतिहास से सारा देश परिचित है। अगर बात 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध से शुरू करें तो फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेखों की याद आना स्वाभाविक है। वे उस वक्त राजधानी के रेस कोर्स स्थित एयर फोर्स स्टेशन में ही रहते थे, जब 1971 की जंग छिड़ी थी। वे भारत की जंग में विजय के नायकों में से थे। उस जंग के लिए 14 दिसम्बर 1971 का दिन खास था। उस दिन फ्लाइंग ऑफिसर सेखों ने पाकिस्तान के दो लड़ाकू सेबर जेट विमानों को ध्वस्त कर दिया था। उन्हें उस जंग में अदम्य साहस के लिए मरणोप्रांत परमवीर चक्र से नवाजा गया था। फ्लाइंग अफसर निर्मलजीत सिंह सेखों का जन्म पंजाब के लुधियाना जिले में 1946 में हुआ था। 1967 में बतौर पायलट वायुसेना में शामिल हुए। 1971 में पाकिस्तानी वायु सेना ने जब श्रीनगर हवाई अड्डे पर हमला किया तब सेखों ने एक जेट से चार पाकिस्तानी सेबर जेट का मुकाबला कर दो को नेस्तानाबूद कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी थी। उसी दौरान मात्र 26 वर्ष की उम्र में वीरगति को प्राप्त हुए। जिन्होंने अपनी शादी का जश्न मनाने के लिए मैदान-ए-जंग को चुना। यदि भारत ने 1971 की जंग में पाकिस्तान की कमर तोड़ डाली थी, तो इसका कहीं न कहीं श्रेय एयर चीफ मार्शल इदरीस हसन लतीफ को भी जाता है। वे 1971 के युद्ध के दौरान एयर वाइस मार्शल के पद पर थे। वे जंग के समय शत्रु से लोहा लेने की रणनीति बनाने के अहम कार्य को अंजाम दे रहे थे। लतीफ लड़ाकू विमानों के उड़ान भरने, युद्ध की प्रगति तथा यूनिटों की आवश्यकताओं पर भी नजर रख रहे थे। लतीफ शिलांग स्थित पूर्वी सेक्टर में थे जब पाकिस्तान ने हथियार डाले थे। दिल्ली कैंट में उस महान योद्धा के नाम पर एक सड़क भी है। एयर चीफ मार्शल इदरीस हसन लतीफ का देश के पहले गणतंत्र दिवस से एक अलग और खास संबंध रहा। दरअसल उन्हीं के नेतृत्व में उस गणतंत्र



दिवस पर फ्लाईपास्ट हुआ था जिसे देखकर देश मंत्रमुग्ध हो गया था। देश ने पहले कभी लड़ाकू विमानों को अपने सामने कलाबाजियां खाते नहीं देखा था। लतीफ तब स्क्कवाड्रन लीडर थे। वे और उनके साथ हॉक्स टैम्पेस्ट लड़ाकू विमान उड़ा रहे थे। तब लड़ाकू विमानों ने वायुसेना के अंबाला स्टेशन से उड़ान भरी थी। लतीफ ने 1948 और 1965 की जंगों में भी सक्रिय रूप से भाग लिया था। लतीफ के एयर फोर्स चीफ के पद पर रहते हुए वायु सेना का बड़े स्तर पर आधुनिकीकरण हुआ। उन्होंने जगुआर लड़ाकू विमान की खरीद करने के लिए सरकार को मनाया था। वायुसेना दिवस के अवसर पर भारतीय वायुसेना के पहले एयर चीफ मार्शल सुब्रतो मुखर्जी का स्मरण करना भी आवश्यक है। उनको फादर ऑफ द इंडियन एयर फोर्स कहा जाता है। सुब्रतो मुखर्जी के पिता सतीश चंद्र मुखर्जी आईसीएस अफसर थे। सुब्रत मुखर्जी 1932 में वायुसेना में शामिल हुए। उन्होंने दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान भाग लिया। भारत की आजादी के बाद वे भारतीय वायुसेना के आधुनिकीरण में अहम रोल अदा किया। वे एक जाबांज पायलट थे। एयर चीफ मार्शल सुब्रतो मुखर्जी का 8 नवंबर 1960 को टोक्यो में खाना खाते समय निधन हो गया था। उनके शव को दिल्ली लाया गया और पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। उसके बाद ही उनके नाम पर आज का सुब्रतो पार्क बना। यहां पर एयरफोर्स से जुड़े विभिन्न स्कूल, दफ्तर और आवास हैं। उनके जीवनकाल में ही राजधानी में एयरफोर्स स्कूल 1955 में खुल गया था। इसका उदघाटन भी एयर चीफ मार्शल सुब्रत मुखर्जी ने ही किया था। इस स्कूल को खोलने का मकसद यह था ताकि एयर फोर्स से जुड़े लोगों के बच्चों को उच्चस्तरीय शिक्षा उनके घरों के पास ही मिल जाए। इस तरह, भारतीय वायुसेना के लिए 23 अकबर रोड का भी अत्यंत खास स्थान है। भारतीय वायुसेना के एयर चीफ मार्शल राजधानी के 23 अकबर रोड के बंगले में रहते हैं। देश की स्वंतत्रता से पहले ही 23 अकबर रोड को वायुसेना प्रमुख का आवास बना दिया गया था। इसमें अंतिम रायल इंडियन एयर फोर्स के एयर वाइस मार्शल मेरिडिथ थामस भी रहे थे। 23 अकबर रोड को एयर फोर्स हाउस भी कहते हैं। इस लुटियन बंगले में सन 1947 के बाद अर्जन सिंह, सुब्रतो मुखर्जी, इदरीस हसन लतीफ, पीसी लाल, एनएके ब्राउन जैसे वायुसेना के प्रमुखों का निवास स्थान रहा । अर्जन सिंह बताते थे कि वे एयरफोर्स हाउस में पहली मर्तबा जनवरी,1945 को गए थे। वे दूसरे विश्व युद्ध से लौटे थे। वे तब इस बंगले में एयर वाइस मार्शल मेरिडिथ थामस से मुलाकात करने के लिए गए थे। अर्जन सिंह इसमें 1964 से 1969 तक रहे। वे इस दौरान भारतीय वायुसेना के प्रमुख थे। एयरफोर्स हाउस में वायुसेना प्रमुख हर साल 8 अक्तबर को वायु सेना दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित होता है। जिसमें देश के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री वगैरह भाग लेते हैं।

## छोटी को पढ़ा लिखा-देना



लिख रही हूँ जो मैं
ये उसका आखिरी पैगाम था।
पढ़ा जाना चाहिए सरेआम जो,
एक बेटी का पिता के नाम था।

माफ करना पापा
बेटी आपकी हार गई
इच्छाएँ ससुराल वालों की
मुझको आज मार गई।

पाला था पलकों पर रखकर,
सपने हजार सजाए थे।
सेवा करनी है डॉक्टर बनकर,
ये अरमान दिखाए थे।

फिर क्या मैं आपको बोझ लगी,
जो मुझको यहाँ छोड़ दिया।
फूल-सी बच्ची को आपने,
काँटों को क्यों सौंप दिया।

सोचा था खुशियों को मैंने,
पर हर पल मुझको दर्द मिला।
फिर भी ढलते सूरज में,
आशा का एक फूल खिला।

कमजोर नहीं थी बेटी आप की,
जो दुनिया को छोड़ जाती
सिर पर रखते हाथ एक बार तो,
मैं हर आँसू खुशी से पी जाती।

आधी तो मैं तब हारी
जब सिर झुकता आपका देखा था,
उन पापियों के कदमो में
अपनी पगड़ी को टेका था।

क्या हिम्मत न थी इतनी जो,
उनके खिलाफ आवाज उठाते।
न डरते समाज से आप इतना,
मुझको घर वापस ले जाते।

जितना दहेज माँगा था उन्होंने,
क्यों आपने इतना खर्च किया?
बेच डाले माँ के कंगन,
मेरी शादी के लिए क्यों कर्ज लिया??

इतनी मार पिटाई मैं,
कहाँ तक भला सह पाऊँगी।
सुनकर ताने इनके एक दिन,
घुट-घुटकर मर जाऊँगी।

आखिरी इच्छा है मेरी,
जिसकी मैं हकदार हूँ।
छोटी को काबिल बना देना,
बस इतनी ही मैं अब कहूँ।

मत डरना समाज से पापा,
न पगड़ी आपकी गिर पाएगी।
छोटी को पढ़ा लिखा देना,
वह ऊँचा नाम कमाएगी।

वादा करो कभी किसी पापी के हाथों,
औरत की बलि न चढ़ पाएगी।
दोबारा दहेज के लिए
फिर एक बेटी किसी की न मारी जाएगी।

शानवी बंसला
(कक्षा- 10वीं, जेएनवी, मेरठ)

# शाहगंज विधायक रमेश सिंह की मौजूदगी में दिव्यांग बच्चों को वितरित किया उपकरण



प्रखर शाहगंज/जौनपुर। सर्व शिक्षा अभियान में समेकित शिक्षा के अन्तर्गत नगरक्षेत्र शाहगंज में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल के निर्देशन पर जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिधर के नेतृत्व में एलिमको कानपुर द्वारा उपकरण वितरण कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रमेश सिंह व मंत्री गिरीशचंद यादव के प्रतिनिधि अजय सिंह प्रधान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिधर उपाध्याय ने बताया कि यह उपकरण उन दिव्यांग बच्चों को दिया जा रहा है जो परिषदीय विद्यालयों में नामांकित है जिससे वे उपकरण के सहारे विद्यालय में आकर शिक्षा ग्रहण कर सके जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा का अधिकार है अब ये दिव्यांग बच्चे इन उपकरण के सहारे विद्यालय में आकर शिक्षा ग्रहण करेंगे, और समाज की मुख्य धारा से जुड़ रहे हैं ,एलिमको कानपुर से आए ज्ञानेंद्र सिंह आडियो लाजिस्ट, आदर्श द्विवेदी,डाटा ऑपरेटर, विकास कुमार कैलीपर ने 301 उपकरण में 167 दिव्यांग बच्चों को उपकरण दिया जिसमें 18 ट्राइसाइकिल,46 ह्वीलचेयर 36 बैसाखी, 27सीपी चेयर 43 रोलेटर, 4 ब्रेलकिट 7 कैलीपर 52 कान की मशीन वितरण किया गया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि को शील्ड देकर सम्मानित किया ,मौके पर कार्यक्रम में जितेंद्र कुमार सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी , विंध्यवासिनी उपाध्याय, डॉ पी डी तिवारी, प्रमोद कुमार सैनी, रियाजुल, सुशील दीक्षित, विवेक सिंह, ज्योति सिंह, अरूण सिंह, किरण पाण्डेय, सीमा सिंह, दुष्यंत सिंह, लल्लन पाण्डेय, शशिकांत, अशोक गुप्ता, मो साकिब, सन्तोष मिश्रा, रंगनाथ द्विवेदी, सतीश मौर्या आदि मौजूद रहे।

## आईएएस दिनेश सिंह का हुआ सम्मान, चिकित्सक व समाजसेवी ने किया अभिनंदन



खेतासराय। जौनपुर के पूर्व डीएम व चित्रकूट मंडल के कमिश्नर रहे आईएएस अधिकारी दिनेश कुमार सिंह को रविवार को एक समारोह में अभिनंदन पत्र और अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया। नगर पंचायत खेतासराय में वरिष्ठ पत्रकार इंद्रजीत सिंह मौर्य के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित बीएम हॉस्पिटल के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ सालिम खान, जेडी कान्वेंट स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती गीता मौर्य, शिक्षक नेता डॉ चन्द्रजीत मौर्य व संकट मोचन मंदिर के प्रधान पुजारी सच्चिदानंद ने उन्हें अभिनंदन पत्र, अंगवस्त्रम और रामनामी पटका भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ नेता अश्वनी सिंह,वरिष्ठ फोटोग्राफर आशीष श्रीवास्तव, राकेश राजभर, कृष्ण दत्त मौर्य पप्पू, मनीष सिंह, किशन सोनकर , सुरेंद्र राजभर, जितेंद्र राजभर, गोपाल जायसवाल , मोहम्मद कुल्लुर, करंजाकला ब्लॉक ग्राम रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष बृजेश मौर्य टुन्ना अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आईएएस अधिकारी दिनेश कुमार सिंह ने उपस्थित जनों के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस जिले से मेरा गहरा लगाव है। यहां के लोगों के सुख-दुख में मैं हमेशा शामिल रहूंगा।

## गैंग बनाकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले 03 अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत की गयी कार्यवाही

प्रखर गोरखपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा महिला संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में व क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष गोरखनाथ द्वारा गैंग लीडर लीडर संतोष राजभर पुत्र मोहन निवासी बटराव थाना मधुबन जनपद मऊ व गैंग के 02 अन्य सदस्य (सह अभियुक्त) 1. राजू हुसैन पुत्र गोरख निवासी निमिया ढाला पुल के निचे थाना चौरी चौरा जनपद गोरखपुर हाल पता रेलवे स्टेशन गेट नं0 02 थाना कैंट जनपद गोरखपुर 2. कृष्ण शाह पुत्र जगन शाह निवासी बलुआ पेड़वा बेतिया (बिहार), जिनका एक विधि विरुद्ध गैंग है, के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है । उक्त गैंग का लीडर संतोष राजभर स्वयं है व अपने गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ सामूहिक रूप से एक संगठित गिरोह बनाकर दुष्कर्म संबंधी अपराध कारित करते हैं । गैंग के सरगना एवं अन्य सदस्यों का सामान्यतः जन मानस में भय एवं आतंक व्याप्त है, जिसके कारण इनको स्वतंत्र विचरण करने से रोकने एवं आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट गोरखपुर द्वारा अनुमोदित गैंग चार्ट प्राप्त कर गैंगेस्टर एक्ट के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए गैंग लीडर संतोष राजभर व गिरोह के 02 अन्य सदस्य राजु हुसैन व कृष्ण शाह उपरोक्त के विरूद्ध थाना गोरखनाथ पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत मु0अ0सं0 621/2023 धारा 3(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधि0-1986 पंजीकृत किया गया है।

# कांग्रेस कमेटी ने कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बहुजन समाज के प्रणेता और दलित चिंतक कांशीराम जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इसके बाद जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील राम के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के न्याय के पक्ष में राज्यपाल को संबोधित एक पत्रक जिलाधिकारी, गाजीपुर के माध्यम से राज्यपाल उत्तर प्रदेश महोदय को सौंपा है, जिसमें अजय राय पर राजनीतिक विद्वेष के चलते हो रही कार्यवाहियों को तत्काल प्रभाव से रोकने की बात कही गई है।

इस अवसर जिलाध्यक्ष सुनील राम ने सर्वप्रथम कांशीराम जी के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें याद करते हुए उन्हें दलित समाज के प्रणेता और बहुजन समाज का चिंतक बताया। जिलाध्यक्ष सुनील राम ने ज्ञापन देते हुए बताया कि बीते दिनों 5.10.2015 को गणेश प्रतिमा के विसर्जन की मांग कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर हुए यूपी पुलिस और प्रशासन द्वारा बर्बर लाठी चार्ज का



विरोध करने व '"अन्याय प्रतिकार यात्रा " निकालने पर अजय राय समेत 82 लोगों के खिलाफ एफआईआर पंजीकृत हुआ था, जिसमें 81 लोगों का उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुकदमे वापस ले लिए गए, जिसका संदर्भ ग्रहण करते हुए, अपर सत्र न्यायालय, वाराणसी के आदेश से 81 लोगों को दोष मुक्त कर बरी कर दिया गया, लेकिन माननीय अजय राय पर मुकदमा खत्म नहीं हुआ, अजय राय अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते हैं और सनातनधर्मी स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद के ऊपर हुए बलात उत्पीड़न के खिलाफ उन्होंने आवाज उठाई थी, लेकिन भाजपा की वर्तमान सरकार द्वारा एक ही तरह के केस में 81 लोग के नाम वापस लेना और केवल एक नाम छोड़ देना, एक ही मामले में दो तरह के फैसला करना नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध है। राजनीतिक विद्वेष के चलते उन्हें दोषी बनाया गया है, जो पूरी तरह से गलत है हम इसका हर स्तर पर विरोध करेंगे। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा ने कांशीराम को श्रद्धांजलि देकर अजय राय के लिए राज्यपाल को संबोधित पत्रक के बारे में तत्काल प्रभाव से प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को भी उक्त मामले में अन्य लोगो की भांति दोष मुक्त करने की बात कही। वहीं एआईसीसी सदस्य रविकांत राय ने कांशीराम जी को श्रद्धांजलि देकर उन्हें नमन किया और कहा कि अजय राय जी समाज के गरीब और निचले पायदान के लोगों के साथ किसी पर भी होते अन्याय को बर्दाश्त नहीं करते, कांग्रेस की नीतियों के अनुसार ही वे हमेशा सत्य और अहिंसा के तर्ज पर लोकतांत्रिक तरीके से लड़ाई लड़ते हैं इसलिए भाजपा सरकार उन्हें झूठे मुकदमों में फसाए रखना चाहती है।

# संत कँवर राम सिंधी युवा समिति द्वारा सिंधु वीरांगनाओं का हुआ सम्मान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सन्त कँवर राम सिन्धी युवा समिति के 18वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर सिगरा स्थित एक होटल में आयोजित "सिंधु वीरांगना" सम्मान समारोह में वाराणसी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाली 27 बालिकाओं को सिंधु वीरांगना सम्मान से सम्मानित किया गया सर्व प्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ इष्ट देव झूलेलाल साई चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर इष्ट वंदना के साथ हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व कुलपति बीकानेर यूनिवर्सिटी प्रो० चन्द्रकला पांडिया ने सभी बालिकाओं को सम्मानित करते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि युवाओं को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए और उसको पाने के लिए पुरी कोशिश करनी चाहिए जहां एक ओर सोशल मीडिया लोगों को नई चीजों से अवगत कराता है वही इसके साइड इफैक्ट भी होते हैं इसको युवाओं को समझना होगा साथ ही सिन्धी युवा समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की वही कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व विभागा अध्यक्ष संगीत संकाय बीएचयू की प्रो० मंगला कपूर ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा की जीवन में तमाम चुनौतियां युवाओं को आयेगी परन्तु बिना रुके अपने आत्मबल बनाएं रखना और उन चुनौतियाँ का सामना करते हुए अपने लक्ष्य तक पहुंचाना होगा इसके पूर्व कार्यक्रम के शुभारंभ में सभी अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष दीपक वासवानी ने



किया संस्था का परिचय मनोज लखमानी ने दिया। सिन्धी युवा समिति के आने वाले नए सत्र के अध्यक्ष पवन शादिजा की घोषणा संस्था के संस्थापक अध्यक्ष चन्दन रुपानी ने किया वही अयोजन का सफल संचालन धर्मेंद्र सहेता, प्रमोद शर्मा ने किया तो कार्यक्रम को सफल बनाने में कमल हरचानी, दिलीप आहुजा, सुनील वाध्या की अहम भूमिका रही वही संयोजक के रूप में विवेक बदलानी, जय लालवानी, विशन रुपेजा, गौतम बिजलानी रहें। इस समारोह में विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधी मुखिया जन व विशिष्ठ जन उपस्थित रहे। अंत में धन्यवाद ज्ञापन सचिव मनोज मुजार्नी ने किया।

## सपा कार्यकर्ताओं ने किया कांशीराम की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण, गोष्ठी का किया आयोजन

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में जिलाध्यक्ष गोपाल यादव की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय समता भवन पर दलितों, वंचितों, शोषितों के मसीहा, समाज सुधारक, सामाजिक परिवर्तन के अलम्बरदार, सामाजिक न्याय के पुरोधा मान्यवर कांशीराम की पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई। विचार गोष्ठी आरंभ होने के पूर्व सभी नेताओ एवं कार्यकताओं ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मान्यवर कांशीराम के अधूरे पड़े मिशन को पूरा करने का संकल्प लिया है। जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि कांशीराम जी सामाजिक परिवर्तन की लड़ाई के महानायक थे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी अम्बेडकर वादियों के साथ मिलकर कांशीराम जी के अधूरे पड़े मिशन को पूरा करने का काम करेगी। उन्होंने कहा मान्यवर कांशीराम जी आजीवन दलितों,वंचितों और उपेक्षितों के समग्र उत्थान हेतु संघर्ष करते रहे। वह दलितों और उपेक्षितों में सम्मान और स्वाभिमान की भूख पैदा करने के साथ साथ सत्ता शासन में भागीदारी की जमकर वकालत करते रहे। उन्होंने कहा कि आज अम्बेडकर जी द्वारा रचित संविधान और लोकतंत्र खतरे में है।भाजपा ने लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा कर दिया है। भाजपा बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान को बदलने की तैयारी में है। वंचितों, शोषितों, पिछड़ों, दलितों को अधिकारों से वंचित कर रही है। उन्होंने भाजपा सरकार को सामाजिक न्याय विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा सामाजिक न्याय के पक्ष में भी सदैव से रही हैऔर सदैव रहेगी। भाजपा दलितों और पिछड़ों को क्षमादान वाला आरक्षण समाप्त करने की साज़िश रच रही है लेकिन समाजवादी पार्टी उनके इस नापाक मंसूबों को कतई पूरा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि हर दल ने दलितों को छला है केवल समाजवादी पार्टी ने ही उन्हें पूरा सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा को पराजित करने के लिए समाजवादी और अम्बेडकरवादी एकजुट रहेंगे। समाजवादी पार्टी ही संविधान बचा पाएंगी। हर तरह की विषमता के विरूद्ध समाजवादी ही संघर्षरत रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से डा.नन्हकू यादव, रविन्द्र प्रताप यादव,विजय बहादुर यादव, सूरज राम बागी, सदानंद यादव, भानु यादव, डॉ समीर सिंह, दिनेश यादव, राजेश कुमार यादव,विभा पाल, कंचन रावत, रीता विश्वकर्मा, रीना यादव, बलिराम यादव,द्वारिका यादव, अरुण यादव,मंजीत राजन,विवेक यादव आदि उपस्थित थे। इस विचार गोष्ठी का संचालन जिला सचिव एवं मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने किया।



# पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन

प्रखर शाहगंज जौनपुर। बाबा द्वारिका दास हरि महाविद्यालय सारी जहांगीर पट्टी में पिछड़ा-दलित अल्पसंख्यक प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया।बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के प्रबंधक एवं एस.एस. कॉलेज आफ फामेर्सी के निदेशक, वरिष्ठ दंत चिकित्सक प्रबंधक डॉ सूर्यभान यादव ने कहा कि बिहार में जातिगत जनगणना और घोसी का उपचुनाव सबके हित के लिए सकारात्मक संकेत और संदेश है। उन्होंने पुरानी पेंशन बहाली के लिए जंतर- मंतर, नई दिल्ली में इतने बड़े आंदोलन को मीडिया द्वारा कवरेज न करना लोकतंत्र की हत्या करार दिया और मीडिया की भूमिका पर सवाल खड़े किए।उन्होंने कहा कि इसके लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा सर्वोच्च न्यायालय को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए अन्यथा देश के चतुर्थ स्तंभ से लोगों का भरोसा उठ जाएगा। वर्तमान सरकार धर्म के नाम पर चल रही है जिसके




एजेंडे में मुद्दे और विकास के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि मीडिया का योगदान लोकतंत्र को मजबूती दिलाने में हमेशा से रहा है। पत्रकारिता अपने मूल उद्देश्य से भटक नहीं सकती। पत्रकारिता का समाज से हमेशा सरोकार रहा है। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.राकेश कुमार यादव ने कहा कि अतीत काल में धर्म का जो वास्तविक स्वरूप था वह कर्तव्य बोध से जुड़ा था। बाद में यह पाखंड में परिवर्तित हो गया। उन्होंने कहा कि अज्ञानता रूपी अंधेरा केवल कोसने से नहीं दूर होगा बल्कि इसके लिए ज्ञान रूपी दीपक जलाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य समस्त भ्रांतियां से हटकर भाईचारे की भावना उत्पन्न करना है। यह अनेकता में एकता तथा वसुधैव कुटुंबकम का प्रतीक है। इसकी मंशा लोगों का बौद्धिक विकास करना है।उन्होंने कहा कि जब तक हम वैज्ञानिक चेतना से युक्त नहीं होंगे तब तक हमें हमारे अधिकार नहीं मिलेंगे।इसके लिए हमें अपने बच्चों को शिक्षित करना होगा। सभी लोगों के उत्थान के लिए कार्य करना होगा। शिक्षा से ही सामाजिक समानता संभव है। एक दूसरे के प्रति उत्पन्न नफरत की भावना को त्याग कर सबके हितों की लड़ाई एकजुट होकर लड़नी होगी। प्रो.यादव ने देश की पहली शिक्षिका सावित्रीबाई फुले द्वारा राष्ट्र के उत्थान में किए गए शैक्षिक योगदान को याद किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्यारे मोहन यादव ने कहा कि सावित्रीबाई फुले, डॉ भीमराव अंबेडकर, काशीराम,नेताजी स्व. मुलायम सिंह यादव आदि लोगों की विचारधारा को आत्मसात करके समाज को नई दिशा दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि नेताजी ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का संविधान में प्रावधान किया।पूर्व स.जि.पं.विवेक यादव विक्की ने कहा कि आज धर्म खतरे में नहीं है बल्कि उसके ठेकेदार खतरे में हैं।वर्तमान सरकार पिछड़े दलित और अल्पसंख्यकों को उनके परंपरागत पेशे में फंसाकर विकास की मुख्य धारा से वंचित करना चाहती है। शांति साधना आश्रम के महंत संत प्रकाश दास जी महाराज ने उपस्थित अतिथियों एवं आगंतुकों के प्रति स्वागत भाषण, आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने अध्यक्षीय उद्बोधन के दौरान कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। प्रमुख वक्ताओं में राम लाल यादव,नंदलाल गौतम,राम सिंगार वर्मा,फुर्सत राम ,ईश्वरदेव यादव,सपा नेता विकास यादव,अशोक गौड़ आदि लोगों ने भी अपने विचार प्रकट किये।संचालन रमेश चंद्र यादव एडवोकेट ने किया। मौके पर भारत यादव ,भूपेंद्र यादव,रामदयाल गुप्ता, लवकुश मौर्य, डी के भाई, प्राचार्य कुँवर सिंह यादव,टिंकू यादव,रमेश बिंद,चतुरी गौड़, रामचंद्र गौतम ,अशफाक अहमद ,मो.कामिल, पिंटू खान , नोमान, विजयपाल यादव, मोहनलाल गौतम ,राम अवध यादव आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### रहमानियां सीरत कमेटी ने विभिन्न मांगों को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



प्रखर जौनपुर। अंजुमन रहमानियां सीरत कमेटी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौप जौनपुर जो सुन्नी मुस्लमानों की एक कमेटी है जिसका चुनाव विगत 20 वर्षों से लगातार मोहल्ले वालो व अंजुमन एवं अखाड़ो के सदर के सामने होता चला आ रहा है उसी परम्परा के अनुसार इस वर्ष भी अंजुमन रहमानियां सीरत कमेटी मोहल्ला-ढड़ियाना टोला, सदर जौनपुर का चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ, जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष (सदर) नासिर जौनपुर को चुना गया और पूरी कमेटी के निर्धारण की जिम्मेदारी भी उन्हीं को सौंपी गई, इस वर्ष उक्त कमेटी की देख-रेख में जलसा व जुलूस ऊर्दू माह 27 व 28 रबी उल अव्वल को सम्पन्न होगा, यानि उक्त प्रोग्राम अंग्रेजी माह के मुताबिक 13 व 14 अक्टूबर 2023 को निश्चित हुआ है। उक्त जुलूस 74 वर्ष से निरन्तर होता चला आ रहा है। उक्त कमेटी का चुनाव हमेशा से चुनाव समिति करती रही है पिछले पाँच वर्ष से दानिश इकबाल सिद्दीकी रहमानियां सीरत कमेटी के अध्यक्ष (सदर) से है इस बार कमेटी ने नासिर जौनपुरी को रहमानियां कमेटी का अध्यक्ष (सदर) पाँच वर्ष के लिए बनाया गया है।

### देशी तमंचा व कारतूस संग अपराधी चढ़ा करीमुद्दीनपुर पुलिस के हत्थे

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवम् अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद के निकट पर्वेक्षण मे रविवार को उप निरीक्षक श्रीकान्त यादव मय हमराह देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध वाहन, व्यक्ति, रोकथाम जुर्म जरायम व रात्रि गस्त करता हुआ दुबिहा मोड़ पर मौजूद था कि मुखबिर की सूचना पर गोड़ऊर पुलिया से अभियुक्त भोला यादव पुत्र रामा यादव निवासी ग्राम शेरमठ थाना करीमुद्दीनपुर जनपद गाजीपुर उम्र 30 वर्ष को मय एक अदद देशी तमंचा .315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजिकृत कर नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में थानाध्यक्ष शैलेश कुमार मिश्र, उप निरीक्षक श्रीकान्त यादव, हेड कांस्टेबल शिवमणि सेन, कांस्टेबल प्रेमनाथ कुशवाहा शामिल रहे।

### सुरक्षित मातृत्व दिवस में 22 एचआरपी सहित 88 महिलाओं की हुई जांच



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने को लेकर प्रत्येक माह की1, 9, 16 और 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद जो प्रथम संदर्भम इकाई के रूप में शुमार है। यहां पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 22 एचआरपी महिलाएं सहित 88 महिलाओ ने ईलाज एवं परामर्श के साथ ही निशुल्क जांच भी कराया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ आशीष राय ने बताया कि प्रथम संदर्भन इकाई मुहम्मदाबाद पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक का आयोजन सोमवार को किया गया। केंद्र पर नियमित जांच व उच्च जोखिम युक्त गर्भावस्था की चिह्नित लाभार्थी को प्रसव पूर्व जांच कर मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। हर माह की इन चारों दिवसों का सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित किए जाने वाले पीएमएसएमए दिवस के साथ एफआरयू पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक का आयोजन किया गया। इस दिवस पर गर्भवती की प्रसव पूर्व हीमोग्लोबिन, शुगर, यूरिन जांच, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, सिफलिस, वजन, ब्लड प्रेशर एवं अन्य जांच की निःशुल्क सुविधा हुई। इसके साथ ही टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) का टीका, आयरन, कैल्शियम एवं आवश्यक दवाएं मुफ्त दी गई । एचआरपी युक्त महिलाओं की पहचान, प्रबंधन एवं सुरक्षित संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया । पोषण, परिवार नियोजन तथा प्रसव स्थान के चयन के लिए सलाह भी दिया गया । साथ ही साथ यहां हेल्थ एटीएम के माध्यम से डिजिटल पैरामीटरो पर भी गभर्वती महिलाओं की जांच की गई । बीपीएम संजीव कुमार ने बताया कि महिलाओं को शासन के द्वारा निशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी दी गई। जो पिछले दो-तीन सालों से चल रहा है। ई रूपीस वाउचर के जरिए अल्ट्रासाउंड जो पीपीपी मॉडल पर कराया जा रहा है। उनका भुगतान रूपीस बाउचर जो विभाग के द्वारा जनरेट कर लाभार्थी को दिया जा रहा है। और उस के माध्यम से अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालक के द्वारा तत्काल स्कैन करने पर लाभार्थी के मोबाइल पर ओटीपी आता है। और ओटीपी डालते ही अल्ट्रासाउंड का भुगतान तत्काल संचालक को हो जाता है। आज के आयोजन में एएनसी 88, हिमोग्लोबिन 88, एचआईवी 66, पीपीमोड़ पर अल्ट्रासाउंड 39, एचआरपी 22, पेट जांच 81 गर्भवती महिलाओ की हुई साथ ही 88 का वजन जांच एवं हेल्थ एटीएम का 19 महिलाओ ने लाभ उठाया। इस कार्यक्रम में डा0 नीरज मौर्या महिला रोग विशेषज्ञ, प्रियंका स्टाफ नर्स, इकराम गांधी लैब टेक्नीशियन, नीरा राय काउंसलर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### आतंकवाद सम्पूर्ण विश्व के लिए खतरा बनता जा रहा है : प्रमोद वर्मा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। हमास के आतंकवादियों द्वारा इजराइल पर किए गए हमले की व्यापार प्रकोष्ठ के कार्यकताओं में कड़ी निंदा किया। उक्त अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा आतंकवाद पूरे विश्व के लिए खतरा है। जिस प्रकार से इजराइल के नागरिकों के ऊपर हमास के आतंकवादियों द्वारा हमला किया गया और बर्बरता की गई वह बहुत ही निंदनीय है, इसकी घोर भर्त्सना करते हैं। वर्मा ने कहा स्वस्थ लोकतंत्र में किसी भी समस्या का हल बातचीत के जरिए निकलता है, परंतु चरमपंथी संगठनों द्वारा आत्मघाती हमले, बम विस्फोट और बंदूक के दम पर जो पूरी दुनिया में आतंक मचा रखा है यह विश्व के हर देश के लिए बहुत बड़ा खतरा बनता जा रहा है। वर्मा ने कहा हमास के आतंकवादियों ने इसराइल के महिलाओं के साथ जो क्रूरता की है और आपत्तिजनक हालत में ट्रक में लादकर मजहबी नारो के साथ जो उसका वीडियो वायरल किया है इसके लिए उनको कभी भी क्षमा नहीं किया जा सकता है। हमास के आतंकवादियों ने ISIS की क्रूरता की याद दिला दी। वर्मा ने कहा इजराइल को पूरा हक है कि वह अपने ऊपर हुए हमले की आतंकवादियों से बदला ले और उचित कार्रवाई करें। इस विषम परिस्थिति में पूरा भारत इजराइल के साथ है।

# न्याय से प्रजा का पालन करें

शत्रु के तालाब नगर प्रकोट और खाईऍंको तोड़-फोड़ दे। रात्रि में उनको (त्रास) भय दें और जीतने का उपाय करें ॥ 12 ॥ जीतकर उनके साथ प्रमाण अर्थात प्रतिज्ञादि लिखा लें और जो उचित समय समझे तो उसी के वंशस्थ किसी धार्मिक पुरुष को राजा कर दे और उससे लिखा ले कि तुमको हमारी आज्ञा के अनुकूल अर्थात जैसी धर्मयुक्त राजनीति है उसके अनुसार चलके न्याय से प्रजा का पालन करना होगा। ऐसे उपदेश करे और ऐसे पुरुष उनके पास रखे कि जिससे पुन: उपद्रव न हो और जो हार जाए उसका सत्कार प्रधान पुरुषों के साथ मिलकर रत्नादि उत्तम पदार्थों के दान से करे और ऐसा न करे कि जिससे उसका योगक्षेम भी न हो। जो उसको बंदीगृह करे तो भी उसका सत्कार यथायोग्य रखे, जिससे वह हारने के शोक से रहित होकर आनंद में रहे ॥ 13 ॥ क्योंकि संसार में दूसरे का पदार्थ ग्रहण करना अप्रीति और देना प्रीति का कारण है और विशेषकर समय पर उचित क्रिया करना और उस पराजित के मनोवांछित पदार्थों का देना बहुत उत्तम है और कभी उसको चिड़ाए नहीं और न हंसी-ठठ्ठा करे, न उसके सामने हमने तुझको पराजित किया, ऐसा भी कहे। किंतु आप हमारे भाई हैं इत्यादि मान्य प्रतिष्ठा सदा करे ॥ 14 ॥

**मित्र संप्राप्ति से राज्य संवृद्धि**

मित्र का लक्षण यह है कि राजा सुवर्ण और भूमि की प्राप्ति से वैसा नहीं बढ़ता कि जैसे निश्चल प्रेमयुक्त भविष्यत की बातों को सोचने और कार्य सिद्ध करने वाले समर्थ मित्र अथवा दुर्बल मित्र को भी प्राप्त होकर बढ़ता है ॥ 1 ॥ धर्म को जानने और कृतज्ञ अर्थात किए हुए उपकार को सदा मानने वाले प्रसन्न स्वभाव अनुरागी स्थिरारंभी लघु छोटे भी मित्र को प्राप्त होकर प्रशंसित होता है ॥ 2 ॥ सदा इस बात को दृढ़ रखें कि कभी बुद्धिमान, कुलीन, शूरवीर, चतुर, दाता, किए हुए को जाननेहारे और धैर्यवान पुरुष को शत्रु न बनाएं, क्योंकि जो ऐसे को शत्रु बनाएगा वह दुख पाएगा ॥ 3 ॥ उदासीन का लक्षण, जिसमें प्रशंसित गुणयुक्त अच्छे-बुरे मनुष्यों का ज्ञान, शूरवीरता और करुणा भी स्थूल लक्ष्य अर्थात ऊपर-ऊपर की बातों को निरंतर सुनाया करे, वह उदासीन कहलाता है ॥ 4 ॥

पूर्वोक्त प्रात:काल समय उठ शौचादि संध्योपासन अग्निहोत्र कर व करा सब मंत्रियों से विचार कर सभा में जा सब भृत्य और सेनाध्यक्षों के साथ मिल, उनको हर्षित कर, नाना प्रकार की व्यूहशिक्षा अर्थात कवायद कर-करा सब घोड़े, हाथी, गाय आदि का स्थान शस्त्र और अस्त्र का कोश तथा वैद्यालय, धन के कोषों को देख सब पर दृष्टि नित्यप्रति देकर जो कुछ उनमें खोट हों, उनको निकाल व्यायामशाला में जा व्यायाम करके मध्याह्न समय भोजन के लिए 'अंत:पुर' अर्थात पत्नी आदि के निवास स्थान में प्रवेश करें और भोजन सुपरीक्षित, बुद्धि, बल, पराक्रमवर्द्धक, रोगविनाशक, अनेक प्रकार के अन्न, व्यंजन, पान आदि सुगंधित मिष्टादि अनेक रसयुक्त उत्तम करे कि जिससे सदा सुखी रहे। इस प्रकार सब राज्य के कार्यों की उन्नति किया करे।

# संकल्प ही सफलता का मूल है

असंकल्पी और अस्थिर चित्त व्यक्ति के लिए कण भी पहाड़ बन जाता है, पल भी पल्य और सहज संभाव्य भी असंभाव्य बन जाता है। असंकल्पी जीवन में संग्राम में कदम-कदम पर परास्त बनता है। सब ओर से उसे असफलताएं घेर लेती हैं। जीवन के किसी भी छोर पर वह कोई भी उल्लेखनीय और स्तुत्य कार्य नहीं कर सकता है। बहुत थोड़े से शब्दों से इसे कहा जाए तो कह सकते हैं कि संकल्प ही सफलता का मूल है। संकल्प की कलम से ही सफलता के शिलालेख लिखे जाते हैं। असंकल्पी और अस्थिर चित्त समय के सिकता-कणों में ऐसे खो जाते हैं जैसे सागर में बूंद खो जाती है। असंकल्प पराजय है। असंकल्प मृत्यु है। संकल्प जीत है। संकल्प मंजिल है। जब संकल्प सो जाता है, साहस परास्त हो जाता है तो व्यक्ति परास्त हो जाता है। जब संकल्प अंगड़ाई लेकर जाग उठता है तो उसके लिए कुछ भी असंभव नहीं रहता। संकल्प और असंकल्प मानव-सागर की तरंगे हैं। हम अपने मन के संकल्प को जगाएं। हम पाएंगे कि जीवन हमारे लिए बहुत सरल, सहज और सुक्रीड़ा बन गया है।


मुनि मणिभद्र

होश एक मंत्र है परमात्मा होने का। होश एक विधान है धार्मिक होने का। होश एक आगह है अंतराग्मन का। होश धर्म है। होश तप है। होश पाप प्रक्षालन के लिए गंगा का तट है। स्वयं तीर्थ है होश। होश के साथ जो किया जाता है वह आपको मुक्ति की दिशा में ले जाता है। बेहोशी में जो भी किया जाता है वह आपको बंधन में ले जाता है। जहां-जहां पर आप बंधे हुए हैं, उन-उन बंधन स्थानों पर यदि आप होश-पूर्वक जाएंगे तो शनै-शनै उन स्थानों से आप स्वतंत्र बन जाएंगे। जिन-जिन ने आपको बांधा है, उनको यदि आप होश पूर्वक देखोग और अनुभव करोगे तो उनसे मुक्त हो जाओग। स्मरण रखें, मूर्च्छा की अवस्था में ही बंधन संभव है। बेहोशी की दिशा में ही आप कहीं बंदी बनाए जा सकते हैं। यदि आप होश में हैं, जागृत हैं, तो कोई बंधन आपको बांध नहीं सकता है। आप शराब पीते हैं, सिगरेट पीते हैं, चाय पीते हैं या फिर किसी अन्य स्वास्थ्य विनाशक आदत के आदी हैं, आपकी ये आदतें तब तक नहीं छूट सकती हैं जब तक इनके प्रति आप जागरूक नहीं होते हैं। सिग्रेट पीना या चाय पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं इसलिए ये बुराइयां हैं। परंतु ये बुराइयां तब पाप की श्रेणी में चली जाती हैं जब आप इनके आदी बन जाते हैं। धूम्रपान या चायपान पाप नहीं है। आदत पाप है। वह जो आपके भीतर लत निर्मित हो गई वह पाप है। और जहां पाप है वहां नरक है। जहां पाप है वहां अशांति है। जहां पाप है वहां बंधन हैं। आंसू हैं।

# सम्मानित व्यक्ति के लिए अपयश मृत्यु समान

**श्रीमद्भगवद् गीता - सुगम हिंदी व्याख्या**

**दोहा - स्वत: प्राप्त यह युद्ध है, खुला स्वर्ग का द्वार। भाग्यवान क्षत्रिय समर, पाते इसी प्रकार॥**

किन्तु यदि तू इस धर्ममय संग्राम को नहीं करेगा तो स्वधर्म और कीर्ति को भी खो देगा और पाप को भी प्राप्त होगा।।

**यह तो धर्म युद्ध है अर्जुन-अरु तेरा स्वधर्म अरिमर्दन धर्म युद्ध यदि नहीं करेगा-तजि स्वधर्म यश पाप करेगा।**


प्यारे लाल त्रिवेदी

और सभी लोग तेरे अपयश का दीर्घ काल तक वर्णन करते रहेंगे। सम्मानित व्यक्ति के लिये अपयश पाना मृत्यु से भी अधिक पीड़ा देने वाला होता है।

**सब प्राणी होकर तव निन्दक - कहेंगे अपयश अमित काल तक माननीय को अपयश पाना- इससे श्रेष्ठ उसे मर जाना**

और जिनकी दृष्टि में तू पहले बहुत सम्मानित हो चुका है उन्हीं की दृष्टि में अब तू नीचता को प्राप्त होगा। वे महारथीलोग तुझे भय के कारण युद्ध से विरत हुआ मानेंगे॥

**रथी कहेंगे तुच्छ अभागा - भयवश युद्ध छोड़कर भागा जिनसे अब तक था सम्मानित - उनसे ही होगा अपमानित**

तेरे शत्रु तेरी सामर्थ्य की निन्दा करते हुये बहुत से अनुचित वचन कहेंगे। उससे बढ़कर और दुख क्या होगा अर्थात् वह तो सबसे बड़ा दुख होगा॥

**होंगे वैरी लोग तुम्हारे - बल पौरुष के निन्दक सारे अनुचित शब्द कथन भी होगा उससे बड़ा कौन दुख होगा**

यदि तू युद्ध में मारा गया तो स्वर्ग के सुख भोगेगा और यदि युद्ध में विजयी हुआ तो पृथ्वी का राज्य भोगेगा। अतएव हे कुन्तीनन्दन ! तू युद्ध के लिये निश्चय करके खड़ा हो जा॥

**दोहा - मृत्यु हुई यदि युद्ध में, तो पायेगा स्वर्ग। अथवा यदि विजयी हुआ, राज्य भोग संसग॥ अतएव हे कुन्तीसुअन, मन को कर तू शुद्ध। निश्चय करके खड़ा हो, करना है अब युद्ध ॥**

सुख-दु:ख, लाभ-हानि और विजय-पराजय को समान समझकर, तत्पश्चात् युद्ध के लिये तत्पर हो जा। इस प्रकार युद्ध करने से तुझको पाप नहीं लगेगा॥

**सम्बन्ध** - समता की महिमा का वर्णन।

**हे अर्जुन!** यह बुद्धि तेरे लिये ज्ञानयोग के विषय में कही गयी और इसी को अब तू निष्काम कर्मयोग के विषय में सुन। इस बुद्धि से युक्त होकर तू कर्मों के बन्धन को सर्वथा नष्ट कर देगा।

**बातें सम बुद्धि की जो यहां - ज्ञान योग के विषय में कहा अब तू इसी बुद्धि को अर्जुन- कर्मयोग के अन्तर्गत सुन जिस बुद्धि को प्राप्त करने से होगा मुक्त कर्म बंधन से**

मृत्युलोक में इस निष्काम कर्मयोग अर्थात् समबुद्धिरूप धर्म के आरम्भ का अर्थात् बीज का नाश नहीं होता। इसके अनुष्ठान का उल्टा फल भी नहीं होता। इसका थोड़ा सा भी साधन जन्म-मृत्यु रूप महान् भय से रक्षा कर लेता है।

**जब निष्काम कर्म है होता-तब बीज का नाश नहिं होता यदि साधन में त्रुटि हो जाये - विरुद्ध फल का दोष न आये रक्षा हो लघु अनुष्ठान से - जन्म मरण सम भय महान से।**


सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

निरंकारी बाबा हरदेव सिंह

# प्रभु का अहसास ही सब कुछ है

प्रभु का अहसास ही वह कड़ी है जिसके कारण इंसान को इससे जुड़ा हुआ माना जाता है। अहसास खोते ही इसका नाता प्रभु से टूट जाता है। इसलिए संतजन सारी उम्र, आखिरी सांस तक निरंकार के साथ नाता जोड़ कर, इस पर पूर्ण रूप से विश्वास कर जीवन का सफर तय करते हैं। चाहे कैसे भी हालात आएं, चाहे कितनी भी विपरीत परिस्थितियां आएं लेकिन संतों की सहज चाल हर हाल में बनी रहती है। वे समर्पित होकर श्वांस-श्वांस इस दातार का सुमिरण करते हैं जिससे यह साबित होता है कि वे निरंकार से जुड़े हुए हैं। वे हमेशा जागरूक रहते हैं कि कहीं उन पर माया का असर न हो जाए, कहीं उनकी चाल बहक न जाए। इसलिए वे हमेशा इस अंग-संग दातार को याद रखते हैं। संसारके अनेक आकर्षण हैं जिनमें कदम-कदम पर फंसने की सम्भावना होती है लेकिन संतजन चेतनता को अपनाते हुए अपने दामन को काजल की कोठरी रूपी संसार के प्रभाव से हमेशा बचा कर रखते हैं। भोजन बनाते समय उस में कड़छी घुमाई जाती है लेकिन सारा दिन केवल कड़छी घुमाने से हमें उस पदार्थ का स्वाद नहीं मिलता है। जब हम उसमें एक चम्मच डाल कर वह पदार्थ मुंह में डाल लेते हैं, तब हमें स्वाद का आनंद मिलता है। इसी तरह अगर केवल जुबान परमात्मा का रटन कर रही है और मन दसों दिशाओं में घूम रहा है, वह परमात्मा से जुड़ा ही नहीं है तो इसका मतलब है कि केवल कड़छी घुमाई जा रही है, मन रूपी मुख में तो पदार्थ डाला ही नहीं गया है। इस मन रूपी मुख में पदार्थ डाला ही नहीं गया तो फिर स्वाद कैसे मिलेगा, फिर सेहत बननी संभव नहीं है। सही मायनों में आनंद मन को मिलना है और वह तब मिलेगा जब यह मन परमात्मा से जुड़ जाएगा।

# चेतन शक्ति आत्मा है

जो चेतन शक्ति सारे शरीर में व्यापक होकर, शरीर के प्रत्येक अंगों से चेष्टा करा रही है, जिसके बिना शरीर निश्चेष्ट हो जाता है, वही चेतन शक्ति आत्मा है। वही आत्मा आप हैं। जैसे चेतन आत्मा चमड़ी, नाखूनों को, बालों को, अस्थि, मांस, रुधिर, नसनाड़ी आदि शरीर में जितने भी अंदर-बाहर अंग अवयव हैं, इन सबको जानता है, किंतु शरीर का कोई अंग अवयव अपने स्वामी जानने वाले आत्मा को नहीं जानता। आत्मा सारे शरीर के अंगों और अवयवों को व विश्व के पदार्थों को जानता है, किंतु शरीर व विश्व के कोई पदार्थ आत्मा को नहीं जानते। अत: सिद्ध हुआ कि जो स्वयं को जानता हुआ अन्य प्राणी-पदार्थों को भी जाने, जिसे दूसरे पदार्थ न जाने, वही चेतन शक्ति आत्मा है, वही आत्मा तुम हो। आत्मा हर दृश्यवान प्राणी-पदार्थ को जानती है, किंतु कोईऍंदृश्य प्राणी-पदार्थ आत्मा को नहीं जानता। कान स्वयं शब्दों को नहीं सुनते, कान तो सुनने के साधन हैं। कानों के द्वारा सुनने वाला कान में व्यापक आत्मा कान से जुदा है। त्वचा स्पर्श नहीं करती, त्वचा करने का साधन है। त्वचा के द्वारा स्पर्श करने वाला, त्वचा में व्यापक, त्वचा से भिन्न चेतन आत्मा है। नेत्र रूप को नहीं देखते, नेत्र तो रूप को देखने का साधन हैं। नेत्रों द्वारा देखने वाला नेत्रों में व्यापक, नेत्रों से भिन्न निराकार आत्मा है। जिह्वा रस को नहीं चखती, स्वाद नहीं लेती। जिह्वा तो चखने का साधन है। जिह्वा द्वारा चखने वाला जिह्वा में व्यापक सूक्ष्म आत्मा जिह्वा से भिन्न है। वैसे ही नासिका गंध को नहीं सूंघती, नासिका तो सूंघने का साधन है। नासिका द्वारा सूंघने वाला नासिका में व्यापक निराकार आत्मा है। वैसे ही पैर भी स्वयं नहीं चलते, पैर तो चलने का साधन हैं। पैरों द्वारा चलने वाला अर्थात पैरों को चलाने वाला, पैरों में व्यापक चेतन आत्मा है।



# जिन्हें पद-प्रतिष्ठा की लालसा नहीं

उनकी कृपा से आपको अपना पुत्र यथाशीघ्र ही मिल जाएगा। नारद जी का कथन सुनकर वासुदेव जी ने कहा, "हे प्रभो! आप ही मुझे श्रीमद्देवी भागवत कथा सुनाइये।" वासुदेव जी का निवेदन स्वीकार कर नारद जी ने शुभ मुहूर्त में कथा आरंभ की। नौवें दिन कथा की समाप्ति हुई। उधर कंदरा में श्रीकृष्ण एवं जाम्बवान् के बीच हो रहे युद्ध में जाम्बवान् का शरीर शिथिल पड़ गया। अचानक जाम्बवान् को बीत चुके त्रेतायुग की स्मृति आ गई। वह श्रीकृष्ण के चरणों में गिर गये और बोले, "हे प्रभु! मुझे क्षमा कीजिए। मैं जान गया कि आप रघुकुल नंदन प्रभु श्रीरामचन्द्र जी ही हैं। कृपा करके यह बताइये कि इस गुफा में आपका शुभागमन कैसे हुआ? मैं अपने ही जीवन की बात करूं तो आज मुझे श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले वो हजारों भाई स्मरण आते हैं, जिनका मेरे


दीदी मां ऋतंभरा

साथ कोई रक्त संबंध नहीं था, जिनमें से हर कोई मुझे कभी मिला भी नहीं था, लेकिन उन्होंने मेरी सभाओं में लाठी-गोली खाएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। नारे का गगनभेदी घोष करते हुए मुझे वचन दिया था कि बहन हम आपकी इस प्रतिज्ञा की लाज अपने जीवन की अंतिम श्वांस तक निभाएंगे। आज इस रक्षाबंधन पर जबकि अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर रामलला के भव्य मंदिर निर्माण कार्यरंभ की बेला सम्मु खड़ी है। मुझे भाई राम और शरद कोठरी जैसे हजारों भाईयों का सजल स्मरण होता है, जिन्होंने एक बहन को दिए गए वचन को प्राणपण से निभाया। मुझे गर्व होता है यह कहते हुए कि मेरे ऐसे धर्मनिष्ठ भाई थे, जिनके जीवन में किसी पद-प्रतिष्ठा की लालसा नहीं थी। वो अपने रामलला के लिए संघर्ष की बेला में उनकी जन्मभूमि पर चुपचाप अपने प्राण लुटाकर इस दुनिया से चले गए। जिस मां और जिस बहन के सामने उसके दोनों बेटों और भाइयों के गोलियों से छलनी शव आये होंगे, तो क्या वज्रपात उन दोनों पर हुआ होगा, इस बात की तो हम लोग कल्पना भी नहीं कर सकते थे। राम-शरद जैसे मेरे हजारों भाईयों ने जय श्रीराम-जय श्रीराम का गगन भेदी घोष करते हुए, अपने प्राणों की घनघोर गर्जना से उस बाबरी कलंक की नींव हिलाकर रख दी। आज रामलला की जन्मभूमि पर स्वर्ण शिखर सजने की तैयारियां हो रही हैं।

# शारदीय नवरात्रि में 9 दिन मां दुर्गा को लगाएं विशेष भोग



मां दुर्गा के भक्तों के लिए नवरात्रि के 9 दिन बहुत ही खास होते हैं। इस बार शारदीय नवरात्रि 15 अक्टूबर 2023 से शुरू हो रहे हैं। इन 9 दिनों में मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा बड़े विधि विधान से होती है। शारदीय नवरात्रि के चलते मां दुर्गा के भक्त उन्हें प्रसन्न करने के लिए और उनकी कृपा पाने के लिए व्रत, पूजन, हवन, पाठ और जाप आदि करते हैं। कहा जाता है कि नवरात्रों में मां दुर्गा अपने भक्तों के घर में प्रवेश करती हैं। शारदीय नवरात्रि का यह त्योहार अश्विन मास में पड़ता है। इसे लोग बड़े धूम धाम के साथ मनाते हैं। इन दिनों मां दुर्गा के भक्त उनकी प्रतिमा को अपने घर में स्थापित करते हैं और दस दिनों तक उस मूर्ति की पूजा करते हैं। इसके बाद उनकी प्रतिमा को दशहरे के दिन विसर्जित कर देते हैं। शारदीय नवरात्रि के दौरान मां दुर्गा के भक्त गरबा और रामलीलाएं आदि भी प्रस्तुत करते हैं। नवरात्रि के पहले दिन में मां दुर्गा की मूर्ति के सामने घट स्थापना की जाती है। नवरात्रि के इन 9 दिनों को पूरे नियम के साथ मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है और व्रत भी रखा जाता है।

# मन बहुत चालबाज है

मन बहुत चालबाज है। स्वत: ऐसा संदेह अपने में जाग्रत करके स्वयं ही निराश हो बैठेगा। सफलता विषयक संदेह तनिक भी नहीं रहना चाहिए मन में। तपाक से कहिए मन को-जब इतने महापुरुष इस अवस्था को प्राप्त हो गए तो मैं क्यों नहीं प्राप्त हो सकता? एक ही फॉर्मूले को लेकर जब एक छात्र प्रश्न हल कर सकता है तो दूसरा छात्र क्या नहीं कर पाएगा? क्यों नहीं? इस अवस्था तक पहुंचने हेतु जो मार्ग ऋषियों ने निर्दिष्ट किया था, वह आज भी प्रशस्त है। यदि उसमें कोई बाधा आती है,विलंब होता है या उस अवस्था तक हम नहीं पहुंच पाते तो दोष हमारा है। जहां कोई बाधा आई या विलंब हुआ, वहीं अपने को टटोलकर देखें, निष्पक्ष होकर अपना निरीक्षण करें तो यह तथ्य सुस्पष्ट हो जाएगा कि कोई संदेह अथवा अन्य मानसिक दुर्बलता रह गई थी जिस कारण यह विलंब हुआ। सोचें- क्या ऐसा ही नहीं है?

**तीव्र उत्कंठा उत्पन्न करें**

एक क्षण का भी विलंब किए बिना अभी और इसी क्षण छोड़ दें, पतन की ओर ले जाने वाली मानसिक दुर्बलता को। मत अवसर दें सफलता विषयक संदेह को मन में प्रवेश करने का। आत्मविश्वास एवं दृढ़ निश्चय की सुजीव प्रतिमा बने रहकर पूर्ण न्याय करते रहें अपने साधन पथ से। फिर देखें, कितनी द्रुत गति से आप तय करते जाएंगे आध्यात्मिक मंजिलें। अजी। जब कुछ कहने, शंका या संदेह करने का अवसर ही कहां रहेगा? एक बार, बस एक बार तीव्र उत्कंठा तो उत्पन्न करें इस अवस्था तक पहुंचने की। मन में यह धुन ऐसे ही समा जाए जैसे रुई में पानी, तब पूर्ण विश्वास रखें कि आपकी शुद्ध मनोवृत्ति इस अनुभव के सुनहरे-सुखद स्वप्न संजोती रहती है? क्या कभी-कभी आप व्याकुल से हो उठते हैं ऐसी अपरोक्षानुभूति के लिए? क्या संसार आपको एकदम खोखला, सुख विहीन एवं नि:सार दिखाई देता है तो नि:संदेह आप बहुत भाग्यशाली हैं।

**फजाइले अमाल**



# लोगों को हैरत तो हुई

दोनों ने कै की, तो इसमें गोश्त के टुकड़े और ताजा खाया हुआ खून निकला। लोगों को हैरत हुई तो हुजूर सल्ल. ने इर्शाद फरमाया कि इन्होंने हक तआला शानुहू की हलाल रोजी से तो रोजा रखा और हराम चीजों को खाया कि दोनों औरतें लोगों की गीबत करती रहीं। इस हदीस से एक मज्मून और भी मुतरश्शह होता है कि गीबत करने की वजह से रोजा बहुत ज्यादा मालूम होता है, हत्ता कि वे दोनों औरतें रोजे की वजह से मरने के करीब हो गईं। इसी तरह और भी गुनाहों का हाल है और तजुर्बा इसकी ताईद करता है कि रोजे में अक्सर मुत्तकी लोगों पर जरा भी असर नहीं होता और फासिक लोगों की अक्सर बुरी हालत होती है। हक तआला शानूहू ने अपने कलाम पाक में गीबत को अपने भाई के मुरदार गोश्त से ताबीर फरमाया है और अहादीस में भी ब कसरत इस किस्म के वाकिआत इर्शाद फरमाए गए हैं, जिनसे साफ मालूम होता है कि जिस शख्स की गीबत की गई उसका हकीकतन गोश्त खाया जाता है। पैगंबर साहब ने एक मर्तबा चंद लोगों को देखकर इर्शाद फरमाया कि दांतों में खिलाल करो। उन्होंने अर्ज किया कि हमने तो आज गोश्त चखा भी नहीं। हुजूर सल्ल. ने फरमाया कि फलां शख्स का गोश्त तुम्हारे दांतों को लग रहा है। मालूम हुआ कि उनकी गीबत की थी। अल्लाह तआला अपने हिफ्ज में रखे कि हम लोग इससे बहुत गाफिल हैं। अवाम का जिक्र नहीं, खवास मुब्तला हैं, उन लोगों को छोड़कर जो दुनियादार कहलाते हैं। दीनदारों की मजालिस भी बिलउमूम इससे कम खाली होती हैं, इससे बढ़कर यह है कि अक्सर इसको गीबत भी नहीं समझा जाता है।

# अमेरिका में सबसे बड़े अक्षरधाम मंदिर का उद्घाटन





## 12 साल में तैयार हुआ, 12,500 लोगों ने किया श्रमदान

**न्यूजर्सी।** अमेरिका के न्यू जर्सी शहर में बने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मंदिर अक्षरधाम मंदिर भारतीय संस्कृति, भारतीय कला और भारतीय अध्यात्म का त्रिवेणी संगम। यह अक्षरधाम सिर्फ पत्थर से बना एक मंदिर नहीं है, बल्कि विदेशी धरती पर भारतीय परंपरा की धरोहर है। प्रमुख स्वामी ने 2012 में अक्षरधाम की वास्तुकला को अंतिम रूप दिया और 2014 में रॉबिन्सविले में इसका भूमिपूजन किया। मंदिर को बनाने का काम साल 2015-23 तक चला। मंदिर बनाने में 12,500 स्वयंसेवकों ने काम किया। अमेरिका में लंबे समय तक ठंड रहती है। बर्फबारी भी होती रहती है। इन सबके बीच स्वयंसेवकों ने दिन-रात काम किया। कंबोडिया का अंगकोरवाट दुनिया का सबसे बड़ा मंदिर है। यह दूसरा सबसे बड़ा मंदिर है। यह मंदिर कला, अध्यात्म और संस्कृति का त्रिगुण संगम है। अक्षरधाम को हजारों साल पुराने वास्तु शास्त्र के हिसाब से बनाया गया है। अगर आप ध्यान से देखेंगे तो बीच में बेल्ट पर भरतनाट्यम मुद्रा बनी हुई है। भरतऋषि ने नाट्यशास्त्र के कई श्लोक लिखे हैं, उन्हीं का अध्ययन करके इसे बनाया गया है।

भारत में शास्त्रीय संगीत की एक लंबी परंपरा रही है।

### 185 एकड़ में फैले अक्षरधाम परिसर में 10 हजार से ज्यादा मूर्तियां

185 एकड़ में फैले अक्षरधाम परिसर में दस हजार से ज्यादा मूर्तियां हैं। 151 भारतीय संगीत वाद्ययंत्रों की नक्काशी और 108 पारंपरिक भारतीय नृत्य रूप और 300 से ज्यादा पवित्र भारतीय नदियां भी शामिल हैं। यह उन हजारों व्यक्तियों की समर्पित शिल्प कौशल का प्रमाण है, जिन्होंने इसके निर्माण के लिए स्वेच्छा से अपना समय और कौशल दिया। मंदिर एक पूजा स्थल और सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामुदायिक गतिविधियों के केंद्र के रूप में काम करेगा जो एकता, शांति और आध्यात्मिकता को बढ़ावा देगा। ज्ञानपीठ अक्षरधाम महामंदिर में सात संदेश: कुल तीन परतें हैं। सबसे निचली परत जगति अर्थात आधार है, जो जमीन से सटा हुआ है। उसके ऊपर की परत कनपिथ है और सबसे ऊपर की परत मण्डोवर है। अक्षरधाम में सबसे बड़ी जगती है। इतनी बड़ी दुनिया कहीं और नहीं है। जगती 20 फीट लंबी है। इसमें सात संदेश हैं। यहां वैदिक ऋषियों, उपनिषदों, भगवान वेद व्यास, श्रीकृष्ण, भगवान बुद्ध, भगवान महावीर और स्वामीनारायण की मूर्तियां हैं।



## बूंदी में वाहन पर गिरी चट्टान,छह लोगों की मौत

नैनीताल, (एजेंसी)। उत्तराखंड के नैनीताल में रविवार को दर्दनाक हादसा हो गया। हरियाणा के हिसार से स्कूली स्टाफ को लेकर नैनीताल घूमने आई एक बस खाई में गिर गई। बस नैनीताल से हिसार रही थी। बस में 40 लोग सवार थे( इस दौरान हादसे में महिला और एक बच्चे सहित छह की मौत हो गई जबकि 28 लोगों को रेस्क्यू करके बचाया गया है। जानकारी के अनुसार, नैनीताल से हरियाणा वापस लौटते समय कालाढूंगी नैनीताल मार्ग पर हादसा हुआ। घायलों को रेस्क्यू कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाढूंगी लाया गया। कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। गंभीर रूप से घायल लोगों को एसटीएच हल्द्वानी रेफर किया गया। एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीमों ने पुलिस के साथ संयुक्त रेस्क्यू अभियान शुरू किया और बस में सवार लोगों में से 28 लोगों रेस्क्यू किया। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

## पुष्कर में इजरायली खबाद हाऊस की बढ़ाई सुरक्षा

**अजमेर (एजेंसी)।** इजरायल, फिलिस्तीन के बीच युद्ध के मद्देनजर राजस्थान के अजमेर में तीर्थराज पुष्कर स्थित इजरायली यहूदियों के धार्मिक स्थल 'खबाद हाऊस' की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। युद्ध के बाद खबाद हाऊस पर अजमेर प्रशासन-पुलिस प्रशासन की खास नजर है और अजमेर पुलिस की स्पेशल टीम जहां सादी वर्दी में निगरानी कर रहे हैं वहीं 'मेवाड़-भील कोर'के सशस्त्र जवानों को तैनात किया गया है। पुष्कर में डेरा डाल कर खबाद हाऊस में प्रार्थना में मशगूल रहने वाले इजरायली पर्यटकों ने पुष्कर से स्वदेश रवानगी लेनी शुरू कर दी है।उल्लेखनीय है कि पुष्कर के खबाद हाऊस पूरे साल पुलिस के पहरे में रहता आया है लेकिन युद्ध के मद्देनजर अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात किया गया है।

## दलाई लामा की गंगटोक सालुगाड़ा यात्रा स्थगित

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** सर्वोच्च तिब्बती धर्मगुरु



दलाई लामा ने सिक्किम में हुई आपदा के मद्देनजर आगामी 16 से 22 अक्टूबर के बीच प्रस्तावित गंगटोक और सालुगाड़ा की यात्रा टाल दी है। हिमाचल प्रदेश में धर्मशाला स्थित दलाई लामा के सचिवालय ने एक बयान में कहा, 'सिक्किम में बाढ़ के कारण हुई हालिया आपदा और प्रशासन के राहत प्रयासों पर फोकस को देखते हुए, परमपावन दलाई लामा की 16 से 22 अक्टूबर तक होने वाली गंगटोक एवं सालुगाड़ा की यात्रा को अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है।

## आज का इतिहास

- 1449: टुमु के किले की लड़ाई में मंगोलियाई सेनाओं ने चीन के सम्राट को बंधक बनाया।
- 1553: ब्रिटेन के लिचफिल्ड शहर की स्थापना।
- 1776: अमेरिकी संसद कांग्रेस ने देश का नाम यूनाइटेड कॉलोनीज से बदल कर आधिकारिक रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका किया।
- 1791: अमेरिका की राजधानी का नाम राष्ट्रपति जॉर्ज वाशिंगटन के नाम पर वाशिंगटन रखा गया।
- 1828: रूसी उपन्यासकार लियो टॉल्सटॉय का जन्म।
- 1850: कैलीफोर्निया अमेरिका का 31वां राज्य बना।
- 1850: प्रसिद्ध हिन्दी लेखक और नाटककार भारतेन्दु हरिश्चंद्र का जन्म।
- 1909: फिल्म अभिनेत्री लीला चिटनिस का जन्म।

# 200 नहीं, सिर्फ 119 सीटें तय करेंगी किसकी बनेगी सरकार

**राजस्थान विस चुनाव 2023**

**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव की तैयारी चल रही है। भाजपा और कांग्रेस के नेता पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में हैं।

प्रदेश की जनता को अपने पाले में करके चुनाव जीतकर सत्ता हासिल करने पर फोकस है। 2023 के चुनाव में क्या होगा ये आने वाला समय बताएगा, लेकिन पिछले चुनावी आंकड़ों में कई तथ्य छिपे हैं। ऐसा ही एक तथ्य ये है कि प्रदेश में 200 विधानसभा सीटें हैं। लेकिन, सत्ता परिवर्तन में 119 सीटों के मतदाताओं की भूमिका अहम रही है। ऐसा इसलिए है कि प्रदेश में 60 सीटें ऐसी हैं जिन्हें भाजपा का गढ़ है, यहां से उसका हारना काफी मुश्किल रहा है। इसी तरह कांग्रेस के गढ़ वाली 21 सीटें हैं, जहां कांग्रेस उम्मीदवार को हराना चुनौती है। इसलिए ये सवाल उठ रहा है कि सिर्फ 119 सीटें तय करेंगी, प्रदेश किसकी सरकार बनेगी। किसी एक पार्टी को एक सीट पर लगातार छह से दो बार जीत मिली। इस आधार पर उस सीट को पार्टी का गढ़ मानते हुए 1972 से 2018 तक के 11 चुनावों में 200 विधानसभा सीटों पर जीत-हार का विश्लेषण किया।

**इन सीटों पर भाजपा को हराना मुश्किल:** आंकड़ों के अनुसार बाली में भाजपा को लगातार छह और पाली में पांच बार जीत मिली। नागौर, सांगानेर, रेवदर, राजसमंद, उदयपुर, लाडपुरा, झालरापाटन, खानपुर, भीलवाड़ा, राजगंजमंडी, सोजत, ब्यावर और फुलेरा में चार बार। सूरसागर, भीनमाल, कोटा साउथ, बूंदी, अजमेर नार्थ, अजमेर साउथ, बीकानेर ईस्ट, सिवाना, अलवर सिटी, मालवीय नगर, रतनगढ़, विद्याधर नगर और आसींद में तीन बार। जबकि 33 विधानसभा सीटों पर भाजपा ने लगातार दो बार जीत दर्ज की।

### कांग्रेस गढ़ की 13 सीटें अभेद्य

जोधपुर की सरदारपुरा सीट से कांग्रेस को 5 बार जीत मिली। इस सीट से वर्तमान सीएम अशोक गहलोत चुनाव लड़ते हैं। बाड़ी सीट पर 4 बार जीत दर्ज की। इसी तरह झुंझुनू, बागीदौरा, सपोटरा, बाड़मेर, गुढ़ामालानी, फतेहपुर में कांग्रेस ने 3 बार जीत का परचम लहराया। डीग कुमेर, सांचौर, बड़ी सादड़ी, चित्तौड़गढ़, कोटपूतली, सरदारशहर समेत 13 सीटों पर कांग्रेस को सतत दो बार जीत मिली।

**119 सीटें करिश्माई:** आंकड़ों के अनुसार 81 सीटों पर भाजपा कांग्रेस का 'कब्जा' है। बाकी बची 119 सीटें प्रदेश की सरकार तय करती हैं। यहां के मतदाता पार्टी और विधायक दोनों को ही बदलते हैं। क्षेत्र के मुद्दे, जाति, चेहरा और प्रत्याशी की सक्रियता को ध्यान में रखकर वोट करते हैं। इस बार बदलेगा ट्रेंड या बहुमत कांग्रेस को। विस चुनाव में कब क्या होगा ये अनुमान लगाना काफी मुश्किल है। मतदाता कभी भी अपना रुख बदल सकता है और किसी भी पार्टी के पाले में जा सकता है।

## इटली, फ्रांस की चार दिनी यात्रा पर जाएंगे राजनाथ

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार से इटली और फ्रांस की चार दिन की यात्रा पर रहेंगे। यात्रा के पहले चरण में रक्षा मंत्री का रोम में इतालवी रक्षा मंत्री गुइडो क्रिसेटो से मिलने का कार्यक्रम है। गत मार्च में इतालवी प्रधान मंत्री की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दिया गया था। श्री सिंह पेरिस में अपने समकक्ष सेबेस्टियन लेकोर्नू के साथ 5वीं वार्षिक रक्षा वार्ता करेंगे। भारत और फ्रांस ने हाल ही में रणनीतिक साझेदारी के 25 वर्ष पूरे किये हैं। दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण औद्योगिक सहयोग सहित गहरे और व्यापक द्विपक्षीय रक्षा संबंध हैं।

रोम और पेरिस दोनों में रक्षा मंत्री औद्योगिक सहयोग के संभावित अवसरों पर चर्चा करने के लिए रक्षा उद्योग के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत करेंगे।

## युद्ध में हावी होने के लिए रणकौशल बढ़ाना होगा



**वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी बोले- आधुनिक युद्धों की कोई सीमा नहीं**

**बमरौली/प्रयागराज।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा है कि आधुनिक युद्धों की कोई सीमा नहीं है इसलिए वायु सेना को हर तरह के युद्ध में हावी होने के लिए अंतरिक्ष, साइबर और जमीनी क्षमताओं के तालमेल को बढाते हुए अपने रणकौशल को बढाना होगा।

एयर चीफ मार्शल चौधरी ने रविवार को यहां 92 वें वायु सेना दिवस के मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मल्टी-डोमेन ऑपरेशन से लेकर हाइब्रिड युद्ध तक, वायु सेना को यह पहचानने की जरूरत है कि आधुनिक युद्ध पारंपरिक सीमाओं से परे है। उन्होंने कहा कि इसे ध्यान में रखते हुए कि ' हमें युद्ध क्षेत्र पर हावी होने के लिए वायु, अंतरिक्ष, साइबर और जमीनी क्षमताओं को सहजता से एकीकृत करना होगा। हमें खुद से यह सवाल पूछना चाहिए कि, मैं और क्या कर सकता हूं? अपने आप को आज की जरूरतों तक सीमित न रखें। आज से आगे सोचें और आपको एहसास होगा कि अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और नौसेना तथा थल सेना प्रमुखों की मौजूदगी में वायु सैनिकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछले नौ दशकों में भारतीय वायुसेना की ताकत लगातार बढी है और यह दुनिया की बेहतरीन वायु सेनाओं में से एक बन गई। उन्होंने सवाल किया, लेकिन क्या इतना काफी है? यदि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की राह पर है, तो 2032 में जब हम 100 वर्ष पूरे करेंगे, तब तक भारतीय वायुसेना को सर्वोत्तम नहीं तो सर्वोत्तम में से एक होना चाहिए।

## सिक्किम में आई बाढ़ का एलएसी ऑपरेशन पर कोई भी असर नहीं

**गंगटोक**

**मृतकों की तादाद 32 हुई, इनमें सेना के 9 जवान भी, 100 अब भी लापता**

सिक्किम में 3 अक्टूबर को लहोनक झील में बादल फटने से तीस्ता नदी में बाढ़ आई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि मलबे से अब तक 9 सैनिकों समेत 32 शव बरामद किए हैं।

अभी भी लापता 100 से अधिक लोगों की तलाश जारी है, जबकि राज्य सरकार का कहना है कि इस बाढ़ के बाद से अब 142 लोग लापता हैं। जिनमें से 26 शव बरामद किए जा चुके हैं। खराब मौसम और लगातार बारिश के कारण नुकसान का सटीक आकलन अभी तक नहीं हो पाया है। उधर, पीआईबी के मुताबिक तीस्ता में आई बाढ़ से भारत-चीन सीमा यानी एलएसी पर सेना के ऑपरेशन पर कोई असर नहीं पड़ा है। हालांकि सेना के कुछ कैम्प बह गए। बाढ़ के कारण सिंगताम के पास बुरडांग में रुके 23 सैनिक और 39 गाड़ियां पानी के साथ आए मलबे में दब गए या बह गए थे।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान बोले-साल में दो बार 10वीं-12वीं के बोर्ड एग्जाम देना जरूरी नहीं

● **नई दिल्ली**



**एग्जामिनेशन सिस्टम में बदलाव के लिए तैयार किया गया है फ्रेमवर्क**

10वीं और 12वीं के बोर्ड एग्जाम साल में दो बार होंगे, लेकिन स्टूडेंट्स को दोनों बार एग्जाम देना जरूरी नहीं होगा। यह बात केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कही। उन्होंने बताया कि स्टूडेंट्स खुद ये तय करेंगे कि उन्हें बोर्ड एग्जाम एक बार देना है या दो बार। ये व्यवस्था बच्चों की सुविधा के लिए लाई गई है। अगर कोई स्टूडेंट दोनों बार एग्जाम देता है तो दोनों एग्जाम में से उसका बेस्ट रिजल्ट स्कोर किया जाएगा।

इससे स्टूडेंट्स को एग्जाम देने के लिए एक ही साल में दो मौके मिलेंगे। वहीं, अगर कोई स्टूडेंट अपनी परफॉर्मेंस को लेकर कॉन्फिडेंट है तो सिर्फ एक बार एग्जाम दे सकता है। उन्होंने कहा कि साल में दो बार बोर्ड कराने का फैसला स्टूडेंट्स में तनाव और डर कम करने को लेकर लिया गया है।

इस साल अगस्त में शिक्षा मंत्रालय ने न्यू करिकुलम फ्रेमवर्क के तहत साल में दो बार बोर्ड एग्जाम कंडक्ट कराने की घोषणा की थी। ये फ्रेमवर्क एग्जामिनेशन सिस्टम में बदलाव करने और स्टूडेंट्स के एग्जाम को सिलेबस बेस्ड रखने के लिए लाया गया है। इस पर बात करते हुए प्रधान ने कहा कि एनसीएफ 2023 के लागू होने के बाद उन्होंने कई छात्रों से इंटरैक्ट किया है और स्टूडेंट्स इस पॉलिसी से खुश हैं। हम कोशिश करेंगे कि 2024 से ही साल में दो बार बोर्ड एग्जाम करा सकें।

## लद्दाख चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने मारी बाजी

**नेशनल कांन्फ्रेंस को मिला बहुमत**

**नई दिल्ली।** 2019 में आर्टिकल 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में हुए पहले चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन ने कारगिल में लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय परिषद के चुनावों में बीजेपी को शिकस्त दे दी है। 26 सीटों वाली लद्दाख परिषद में वोटों की गिनती जारी है। अभी तक जिन 22 सीटों के नतीजे घोषित किए गए, उनमें से कांग्रेस ने 10 सीटों पर, नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 12 सीटों पर जीत हासिल की है। वहीं, भाजपा ने महज 2 सीटें हासिल की हैं। दो सीटे पर निर्दलीय उम्मीदवारों ने भी जीत दर्ज की है। इसके बाद वोटिंग अधिकार रखने वाले चार सदस्यों को उपराज्यपाल बाद में नामित करेंगे। 30 सदस्यीय काउंसिल की 26 सीटों पर 4 अक्टूबर को चुनाव हुए थे। एलएएचडीसी चुनाव में 12 सीटें जीतने के बाद नेशनल कॉन्फ्रेंस के कार्यकर्ता जश्न मना रहे हैं।

## देवरिया में दुबे के परिवार पर गोलियां बरसाने वाला गिरफ्तार

**देवरिया।** फतेहपुर नरसंहार में गोलियां बरसाने वाले नवनाथ मिश्र उर्फपट्टू को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पट्टू ने ही सत्यप्रकाश दूबे के बेटे गांधी, बेटी सलोनी और पत्नी किरन को गोली मारी थी। नवनाथ प्रेमचंद की गाड़ी चलाने के साथ ही उसके गनर का भी काम करता था। घटना के बाद से ही पुलिस उसकी तलाश में जुटी थी। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त प्रेमचंद की रायफल भी बरामद कर ली गई है। अब तक इस मामले में 21 लोग जेल भेजे जा चुके हैं। पंचायत के अभयपुरा टोले के पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद यादव की लेड़हा टोले के रहने वाले सत्यप्रकाश दूबे और उनके परिवार के लोगों ने हत्या कर दी थी।

## नए भारत की नई तस्वीर है केदारपुरी :सीएम योगी




**केदारनाथ, (एजेंसी)।** उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर आए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह केदारनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक के पश्चात, विजिटर बुक में अपनी टिप्पणी अंकित की।

श्री योगी ने लिखा कि श्री केदारपूरी देवाधिदेव महादेव श्री श्री केदारनाथ मंदिर में दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। 10 वर्ष पूर्व आई त्रासदी को कई पीछे छोड़ते हुए आज केदारपुर एक नई आभा के साथ, नए भारत की नई तस्वीर प्रस्तुत कर रही है। श्री आदित्यनाथ ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में नवनिर्माण का कार्य समयवद्ध ढंग से जन आस्था का प्रतीक बन रहा है। मेरी मंगलमय शुभकामनाएं। भगवान केदारनाथ की कृपा सदैव बनी रहे। हर हर महादेव।

## राजस्थान में बनाई गई 171 किलो की रोटी वर्ल्ड रिकार्ड बनाने का दावा किया गया

**भीलवाड़ा।** राजस्थान के भीलवाड़ा शहर में विश्व की सबसे बड़ी रोटी बनाकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का दावा किया गया है। रविवार को राजस्थानी जनमंच के जिला अध्यक्ष कैलाश सोनी के जन्मदिवस पर हरी सेवा उदासीन आश्रम में सबसे बड़ी रोटी बनाई गई।



इस बड़ी रोटी को बनाने में 2000 ईंटों पर मिट्टी का लेपकर 1000 किलो कोयले पर 21 हलवाई की टीम द्वारा रोटी तैयारी की गई। इस दौरान मशीन से आटा लगाने के बाद आटे को गूंथा गया। इसके बाद आटे की इलेक्ट्रॉनिक कांटे पर परात में रखकर वजन किया, जहां गीले आटे का वजन 207 किलो था। वहीं परात का वजन निकालने के बाद 190 किलो गीला आटा रहा। 21 हलवाइयों द्वारा विशालकाय 20 फीट स्टील के डंडे से रोटी को बेला गया है। इस रोटी को ऊपर से सेकने के लिए ऊपर भी तवा लगाया गया। घी डालने से रोटी की अच्छे से सिकाई हुई और 171 किलो की रोटी बनकर तैयार हुई।

**वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए लाइव रिकॉर्डिंग:** इस कार्यक्रम की लाइव रिकॉर्डिंग भी की गई है। इस वर्ल्ड रिकॉर्ड को बनाने के लिए लिम्का बुक, इंटरनेशनल बुक रिकॉर्ड मे आवेदन किया गया है। बनी हुई रोटी को प्रसाद के रूप में सब्जी के साथ श्रद्धालुओं व दर्शकों में वितरित किया गया।

**Filmiतड़का**

## इजराइल से सही सलामत देश लौटीं नुसरत भरुचा, कहा- घर लौट आई हूं, अभी बस...



**मुंबई।** बॉलीवुड से राहत की खबर है। ड्रीम गर्ल अभिनेत्री नुसरत भरुचा वापस देश लौट आई हैं। वह इजराइल में जंग के बीच फंस गई थीं। मुंबई एयरपोर्ट से नुसरत का वीडियो सामने आया है। वह जैसे ही एयरपोर्ट पर पहुंचीं मीडिया और पपराजी ने उन्हें घेर लिया। पत्रकार उनसे वहां के हालात के बारे में जानना चाह रहे थे। वह एयरपोर्ट पर परेशान दिखीं और ज्यादा कुछ कहने से इनकार कर दिया। नुसरत इजराइल में हैफा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने पहुंची थीं। इसी बीच अचानक वहां हमला शुरू हो गया।

**परेशान दिखीं नुसरत:** नुसरत किसी तरह जान बचाकर वापस लौटी हैं। उनके चेहरे पर परेशानी साफ झलक रही थी। जब पत्रकारों ने उनसे सवाल किए तो उन्होंने बस इतना कहा कि मैं घर आ गई हूं अभी बस मुझे घर जाने दो। उन्होंने मीडिया से और कुछ भी कहने के लिए थोड़ा वक्त मांगा। भीड़ से निकलकर वह किसी तरह कार में बैठीं और वहां से निकल गईं। वीडियो को विरल भयानी ने शेयर किया है।

**नुसरत की टीम ने दी थी जानकारी:** इससे पहले नुसरत की टीम ने बताया था कि वह हमास के हमले के बाद इजरायल में फंसी हुई हैं। वह हाईफा इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए गई थीं जो 28 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चला। उनकी टीम उनसे संपर्क में थी। टीम ने बताया कि उन्हें सीधी फ्लाइट नहीं मिली इसलिए कनेक्टिंग फ्लाइट ली।

## कंगना रनौत की फिल्म तेजस का टेलर रिलीज



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की क्वीन कंगना रनौत स्टारर तेजस के टीजर ने बड़े पर्दे पर आने वाले एक्शन और रोमांच की झलक पेश की थी। इसने पूरे देश के दर्शकों के उत्साह को बढ़ा दिया था। ऐसे में दर्शकों की दिलचस्पी को देखते हुए, निर्माताओं ने घोषणा की थी कि वह फिल्म के ट्रेलर को 8 अक्टूबर, 2023 को वायु सेना दिवस पर रिलीज करेंगे। वह दिन आ गया है, निर्माताओं ने मोस्ट अवेटेड फिल्म के ट्रेलर को आखिरकार रिलीज कर दिया है। **कंगना ने दिखाया दमदार एक्शन:** तेजस फिल्म के निर्माताओं ने रविवार को वायु सेना दिवस पर ट्रेलर से पर्दा उठा दिया है, जिसमें कंगना रनौत को प्रखर, जोश से भरे और शक्तिशाली वायु सेना पायलट तेजस गिल के किरदार में दिखाया गया है। हाई लेवल के हवाई सीन्स के साथ ट्रेलर की शुरुआत हुई और दिल को जीतने वाले डायलॉग ने ट्रेलर की शुरुआत से ही सनसनी मचा दी है।









# वनडे वर्ल्डकप में भारत का धमाकेदार आगाज ऑस्ट्रेलियाई टीम को किया चारों खाने चित

## शुरुआती झटकों के बाद भारत ने कंगारुओं को 6 विकेट से हराया, केएल और कोहली ने किया कमाल

चेन्नई,(एजेंसी)। भारत ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए मैन ऑफ द मैच केएल रहुल के नाबाद 97 रनों और विराट कोहली की 85 रनों की धैर्यपूर्ण अर्धशतकीय पारी की बदौलत आईसीसी विश्वकप के पांचवें एकदिवसीय मुकाबले में आस्ट्रेलिया को छह विकेट से हरा दिया है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 49.3 ओवर में 199 रन पर ढेर कर 37.4 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर 201 रन बनाकर यह मुकाबला जीत लिया। भारत ने 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को पहले ओवर की चौथी गेंद पर स्टार्क ने इशान को शून्य पर ग्रीन के हाथों कैच कराकर पहला झटका दिया। दूसरे ओवर की तीसरी गेंद पर हेजलवुड ने कप्तान रोहित को शून्य पर पगबाधा आउट कर चलता कर दिया। इसके बाद इसी ओवर की छठी गेंद पर श्रेयस के रुप में भारत को तीसरा झटका दिया। दो रन पर भारत के तीन विकेट गिरने के बाद शुरुआती तीन झटकों से उबरते हुए विकेटकीपर केएल राहुल 97 रन और विराट कोहली के 85रनों की धैर्यपूर्ण पारी खेली। विराट कोहली के आउट होने के बाद राहुल और हार्दिक पंड्या 11 रन नाबाद की जोड़ी ने मैच जीत लिया।

### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| डेविड वॉर्नर कै. एवं बो. कुलदीप | 41 | 52 | 6/0 |
| मिचेल मार्श कै. कोहली बो. बुमराह | 00 | 06 | 0/0 |
| स्टीव स्मिथ बो. जडेजा | 46 | 71 | 5/0 |
| मार्नस लाबुशेन कै. राहुल बो. जडेजा | 27 | 41 | 1/0 |
| ग्लेन मैक्सवेल बो. कुलदीप | 15 | 25 | 1/0 |
| एलेक्स कैरी पगबाधा जडेजा | 00 | 02 | 0/0 |
| कैमरन ग्रीन कै. हार्दिक बो. अश्विन | 08 | 20 | 0/0 |
| पैट कमिंस कै. श्रेयस बो. बुमराह | 15 | 24 | 1/1 |
| मिचेल स्टार्क कै. श्रेयस बो. सिराज | 28 | 35 | 2/1 |
| ऐडम जैम्पा कै. कोहली बो. हार्दिक | 06 | 20 | 0/0 |
| जॉश हेजलवुड नाबाद | 01 | 01 | 0/0 |

**अतिरिक्त**:12 , **कुल**: 49.3 ओवर में 199 रन पर ऑलआउट , **विकेट पतन**: 1-5, 2-74, 3-110, 4-119, 5-119, 6-140, 7-140, 8-165, 9-189, 10-199 **गेंदबाजी**: जसप्रीत बुमराह 10-0-35-2, मोहम्मद सिराज 6.3-1-26-1, हार्दिक पंड्या 3-0-28-1, रवि अश्विन 10-1-34-1, कुलदीप यादव 10-0-42-2, रवींद्र जडेजा 10-2-28-3.

| भारत | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा पगबाधा हेजलवुड | 00 | 06 | 0/0 |
| इशान किशन कै. कैमरन ग्रीन बो. स्टार्क | 00 | 01 | 0/0 |
| विराट कोहली कै. मार्नस बो. हेजलवुड | 85 | 116 | 6/0 |
| श्रेयस अय्यर कै. वॉर्नर बो. हेजलवुड | 00 | 03 | 0/0 |
| लोकेश राहुल नाबाद | 97 | 115 | 8/2 |
| हार्दिक पंड्या नाबाद | 11 | 08 | 0/1 |

**अतिरिक्त**: 8, **कुल**: 41.2 ओवर में चार विकेट पर 201 रन, **विकेट पतन**: 1-2, 2-2, 3-2, 4-167 **गेंदबाजी**: मिचेल स्टार्क 8-0-31-1, जॉश हेजलवुड 9-1-38-3, पैट कमिंस 6.2-0-33-0, ग्लेन मैक्सवेल 8-0-33-0, कैमरन ग्रीन 2-0-11-0, ऐडम जैम्पा 8-0-53-0.



### भारतीय गेंदबाजों ने ऑस्ट्रेलिया को 199 रन पर समेटा

इससे पहले रवींद्र जाडेजा, कुलदीप यादव और जसप्रीत बुमराह की सधी हुई गेंदबाजी की बदौलत भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 199 रन पर ढेर कर दिया। भारतीय गेंदबाजों ने शुरु से ही ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजो को खुलकर खेलने नहीं दिया। तीसरे ओवर की दूसरी गेंद पर बुमराह ने मिचेल मार्श को शून्य परआउट कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहला झटका दिया इसके बाद 17 ओवर की तीसरी गेंद पर कुलदीप ने वॉर्नर को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। जाडेजा ने 28वें ओवर की पहली गेंद पर स्टीव स्मिथ और 29वें ओवर की दूसरी गेंद पर मार्नस लाबुशेन 27 रन को और इसी ओवर में चौथी गेंद पर एलेक्स कैरी शून्य को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। ग्लेन मैक्सवेल 15 रन को कुलदीप ने बोल्ड कर दिया। इसके बाद गेंदबाजी करने आये आर अश्विन ने कैमरन ग्रीन आठ रन को हार्दिक के हाथों कैच आउट करा दिया। 43वें ओवर की दूसरी गेंद पर बुमराह ने पैट कमिंस को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को आठवां झटका दिया। इसके बाद हार्दिक ऐडम ने जैम्पा छह रन को कोहली के हाथों कैच आउट कराकर ऑस्ट्रेलिया की पारी को 199 रन के स्कोर पर समेट दिया। भारत की ओर से रवींद्र जाडेजा ने 28 रन देकर तीन विकेट,झटके।

### वर्ल्डकप में कप्तानी करने वाले सबसे उम्रदराज भारतीय कप्तान बने रोहित



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे विश्व कप मैच में उतरते ही रोहित शर्मा भारत के लिए वनडे विश्वकप में कप्तानी करने वाले सबसे उम्रदराज कप्तान बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड मोहम्मद अजहरुद्दीन के नाम था, जिन्होंने 1999 विश्वकप में भारत की कप्तानी की थी। रोहित शर्मा वनडे विश्वकप 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बतौर कप्तान जब खेलने उतरे तो उनकी उम्र 36 साल 161 दिन है, जबकि मोहम्मद अजहरुद्दीन जब विश्व कप में भारत की कप्तानी की थी तो वह 36 साल 124 दिन के थे।

- यह रोमांचक था। जीतकर अच्छा लग रहा है। ऐसे टूर्नामेंट की शुरुआत करना अच्छा है। स्पिनरों ने अच्छी गेंदबाजी की और कुल मिलाकर यह एक अच्छा प्रयास था। जब हमने पहले तीन विकेट खो दिए तो मैं नर्वस था। आप अपनी पारी की शुरुआत इस तरह से नहीं करना चाहेंगे। हालांकि, उसके बाद विराट और केएल ने बेहतरीन खेल दिखाया। दोनों ने मैच विनिंग पार्टनरशिप की।

■ **रोहित शर्मा,** भारतीय कप्तान

### न्यूजीलैंड व नीदरलैंड के बीच आज होगी भिड़ंत

**हैदराबाद, (एजेंसी)**। विश्वकप के पहले मैच में शानदार शुरुआत करने के बाद न्यूजीलैंड का सामना सोमवार को नीदरलैंड से होगा। यह मैच दोपहर 02 :00 बजे से हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड ने टूर्नामेंट के ओपनिंग मैच में गत चैम्पियन इंग्लैंड को नौ विकेट से हराकर अपने इरादे जाहिर कर दिए। न्यूजीलैंड ने अपने नियमित कप्तान केन विलियमसन के बिना जीत हासिल की। आईपीएल के दौरान लगी चोट के कारण विलियमसन पहला मैच नहीं खेल सके । न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने संकेत दिया कि नियमित कप्तान केन विलियमसन पूरी तरह फिट नहीं है। ऐसे में टॉम लाथम ही कप्तानी की बागडोर संभालेंगे। स्टीड ने कहा, केन तेजी से ठीक हो रहा है लेकिन अभी फील्डिंग करने की स्थिति में नहीं है।

### फिर मैदान में घुसे जार्वो 69



भारत और ऑस्ट्रेलिया मैच शुरू होने के कुछ देर बाद ही जारवो अचानक मैदान में घुस आए। उन्होंने जार्वो 69 नाम की भारतीय जर्सी पहन रखी थी। जारवो को देखकर विराट कोहली भड़क गए। उन्होंने जारवो को बाहर जाने के लिए कहा। विकेटकीर केएल राहुल समेत अन्य खिलाड़ी भी नाराज दिखे। आखिर में सिक्योरिटी ने जारवो का बाहर का रास्ता दिखाया। बता दें कि इंग्लैंड के जारवो यूट्यूबर और प्रैंकस्टर हैं। उनका असल नाम डेनियल जार्विस है। वह अपने यूट्यूब चैनल के लिए ऐसी हरकतें करते हैं।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बने रविंद्र जडेजा



रविंद्र जडेजा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। इस मैच में जडेजा ने तीन विकेट लेकर यह उपलब्धि अपने नाम की। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लेन के सूची में इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड (41 मैच में 128 विकेट), हरभजन सिंह (37 मैचों में 105 विकेट), रवीन्द्र जड़ेजा (40 मैचों में 102 विकेट) का नंबर आता हैं। जडेजा ने एक कीर्तिमान छुआ। वह वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में तीन विकेट लेने वाले दूसरे भारतीय स्पिनर बन गए हैं। उनसे पहले ऐसा मनिंदर सिंह ने किया। मनिंदर ने 1987 में कंगारुओं के खिलाफ 34 रन खर्च कर 3 विकेट हासिल किए थे।

### विराट कोहली वनडे करियर के 48वें शतक से चूके, लगाई रिकॉर्ड की झड़ी

भारतीय टीम के सिर्फ 2 रन पर अपने 3 विकेट गिरने बाद कोहली क्रीज पर आए और बेहद खराब स्थिति में टीम के लिए बेहतरीन 85 रन की पारी खेली। हालांकि वह अपने वनडे करियर का 48वां शतक लगाने से चूक गए, लेकिन केएल राहुल के साथ मिलकर 165 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत की राह पर ला दिया।

- विराट कोहली ने और केएल राहुल के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 165 रन की बेहतरीन साझेदारी की। इन दोनों बल्लेबाजों ने इस साझेदारी के दम पर एबी डिविलियर्स और ग्रीम स्मिथ का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इन दोनों बल्लेबाजों ने साल 2007 में कंगारू टीम के खिलाफ वनडे वर्ल्ड कप में 160 रन की साझेदारी थी, लेकिन अब यह दोनों तीसरे नंबर पर खिसक गए और कोहली और राहुल दूसरे नंबर पर आ गए। वनडे वर्ल्ड कप में कंगारू टीम के खिलाफ सबसे बड़ी साझेदारी करने के मामले में अब कोहली और राहुल दूसरे नंबर पर आ गए। इस मामले में जर्मन-हैरिस की जोड़ी शीर्ष पर है, जिन्होंने 1996 में 168 रन की साझेदारी की थी।
- वनडे क्रिकेट में यह 113वां मौका था जब विराट कोहली ने किसी मैच में 50 प्लस की पारी खेली। उन्होंने कुमार संगकारा को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 112 बार ऐसा किया था।
- विराट कोहली भारत की तरफ से आईसीसी के इवेंट में (वनडे और टी20) सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। विराट ने सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ कर यह कारनामा किया। सचिन ने भारत की तरफ से अब तक वनडे और टी20 को मिलाकर कुल 2719 रन बनाए थे, लेकिन विराट कोहली ने 2720 रन से अधिक रन बनाकर उन्हें पीछे छोड़ दिया। विराट कोहली ने 65वें पारी में यह उपलब्धि अपने नाम की जबकि सचिन ने इतने रन 52 पारियों में जबकि रोहित ने 46 पारियों में बनाए हैं। नॉन ओपनर के रूप में अब सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में भी विराट कोहली पहले नंबर पर आ गए हैं और उन्होंने कुमार संगकारा को पीछे छोड़ दिया। कोहली के अब 2205 से अधिक रन हो गए हैं जबकि कुमार संगकारा के 2193 रन थे।

**आईसीसी व्हाइट बॉल टूर्नामेंट में भारत के लिए सर्वाधिक रन**

- 2720 रन - विराट कोहली
- 2719 रन - सचिन तेंदुलकर
- 2422 रन - रोहित शर्मा
- 1707 रन - युवराज सिंह
- 1671 रन - सौरव गांगुली
- 1492 रन - एमएस धोनी
- 1487 रन - राहुल द्रविड़

**वनडे विश्वकप में भारत के लिए सर्वाधिक कैच (गैर-विकेटकीपर)**

- 15 - विराट कोहली
- 14- अनिल कुंबले
- 12 - कपिल देव
- 12 - सचिन तेंदुलकर

# पश्चिम बंगाल ने जीता पहला नेशनल ब्लाइंड क्रिकेट टूर्नामेंट

### फाइनल में मध्यप्रदेश को 125 रनों से हराया




**भोपाल,(खेसं)**। पश्चिम बंगाल ने मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित पहले नेशनल ब्लाइंड क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता। रविवार को ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर खेले गए फाइनल मुकाबले में उसने मेजबान मध्यप्रदेश टीम को 125 रनों से हराया। फाइनल में मध्यप्रदेश के कप्तान ज्ञानी विश्वकर्मा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पश्चिम बंगाल की ओर से अरिंदम मंडल के लगातार दूसरे मैच में शतक लगाते हुए 136 रनों की अहम पारी खेली। उनका साथ दिया राजू हालदार (79 रन) ने दिया। इस प्रकार बंगाल टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 243 रनों का लक्ष्य दिया। इसके बाद मध्यप्रदेश की शुरुआत धीमी रही। मध्यप्रदेश टीम 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 118 रन ही बना सकी। लगातार दूसरा शतक लगाने वाले अरिंदम मंडल और बंगाल के कप्तान चंदन मैती मैन ऑफ द मैच चुने गए। बंगाल को बेस्ट बॉलिंग और बैटिंग का पुरस्कार पंजाब के विशाल कुमार (बी1), बंगाल के प्रशनजीत अडोक (बी2) और अरिंदम मंडल (बी3) कैटेगरी में मैन ऑफ द सीरीज चुने गए। इसके अलावा बी1 कैटेगरी में प. बंगाल के कप्तान चंदन कुमार बेस्ट बॉलर चुने गए। उन्होंने 6 विकेट झटके। साथ ही बी2 कैटेगरी में रहमान अली और बी3 कैटेगरी में राजू हलदार को शानदार गेंदबाजी के लिए पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर बांग्लादेश से आए ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन के प्रतिनिधि मोहम्मद ताजीद्दीन ने खिलाड़ियों को अवॉर्ड दिए और टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए मध्यप्रदेश ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन की प्रशंसा की। उन्होंने ब्लाइंड क्रिकेट ऑफ इंडिया के साथ ट्राई सीरीज के लिए अनुबंध भी किया। यह सीरीज नवंबर में ढाका में भारत, बांग्लादेश और नेपाल के बीच खेली जाएगी। विजेता को 20 हजार और उपविजेता को 11 हजार रुपए इनाम के रूप में मिले। फाइनल मैच देखने के लिए महापौर मालती राय, डिवी एमपी प्रेसिडेंट डॉ. अनिल सिरवैया, मनोज आर्य,मदन लाल खटीक, सर्च एंड रिसर्च से डॉ. मोनिका जैन, विंग्स एंड रिंग्स मीडिया से हितेश कुशवाहा,लायंस क्लब से अर्चना मुखर्जी, सक्षम से रवि सर एवं नायडू सर, एमपीबीसीए की ओर से संरक्षक रीतेश शर्मा, नेशनल कॉर्डिनेटर ज्योति वर्मा, अध्यक्ष प्रीति ओल्ड कैंपियन ग्राउंड पर उपस्थित रहे।

# रंगारंग कार्यक्रम के साथ 19वें एशियन गेम्स का समापन

### पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश बने भारतीय ध्वजवाहक



**हांगझोउ, (एजेंसी)**। चीन की सांस्कृतिक विरासत के जश्न को दर्शाते हुए रविवार को रंगारंग और तकनीकी रूप से मंत्रमुग्ध कर देने वाले कार्यक्रम के साथ 10वें एशियाई खेलों का समापन हुआ।

क्लोजिंग सेरेमनी में लगभग 80,000 दर्शकों की क्षमता वाले बिग लोटस स्टेडियम में प्रकाश, ध्वनि और लेजर के 75 मिनट के कार्यक्रम के दौरान उत्सव का माहौल था। कार्यक्रम में इन खेलों में भाग लेने वाले 45 देशों के एथलीटों ने दो सप्ताह से अधिक समय तक प्रतिस्पर्धा करने के बाद विदाई ली।

देशों के खिलाड़ियों और अधिकारियों के शामिल होने से पहले सभी देशों के ध्वजवाहक मैदान में पहुंचे। पुरुष हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश भारतीय ध्वजवाहक थे। परेड में लगभग 100 भारतीय एथलीट और अधिकारी शामिल थे। ज्यादातर भारतीय खिलाड़ी अपनी स्पर्धा के समापन पर स्वदेश लौट गए है। आयोजकों ने कहा कि 45 देशों के 12,407 एथलीटों ने हांग्झोउ में 40 खेलों में भाग लिया। समापन समारोह में 1951 में नई दिल्ली में पहले एशियाई खेलों की मशाल और ध्वज के साथ-साथ ओसीए ध्वज को 2026 सत्र के मेजबान शहर जापान के आइची-नागोया के गवर्नर को सौंप दिया गया।

### 40 साल बाद मुंबई में होगा आईओसी सत्र

**नई दिल्ली,(एजेंसी)**। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई 15 से 17 अक्तूबर तक अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 141वें सत्र की मेजबानी करेगी। इसे ओलंपिक खेलों को भारत लाने के प्रयासों से जोड़ कर देखा जा रहा है। आईओसी सत्र, ओलंपिक खेलों पर निर्णय लेने वाली सर्वोच्च बॉडी है। जिसमें ओलंपिक चार्टर को अपनाना या संशोधित करना, आईओसी सदस्यों और पदाधिकारियों का चुनाव करना और ओलंपिक के मेजबान शहर का चुनाव शामिल है।

### डक आउट होने पर फैंस के रडार पर आए रोहित शर्मा, वायरल हो रहे मजेदार मीम्स

ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ क्रिकेट वर्ल्ड कप के अपने पहले मैच में 49.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 199 रन बनाए। जिसके जवाब में उतरी टीम इंडिया की शुरूआत गड़बड़ा गई। दरअसल, पहले ही ओवर में ईशान किशन गैरजिम्मेदाराना शॉट खेलकर आउट हो गए। उसके बाद कप्तान रोहित शर्मा भी अंदर आती गेंद को भांप नहीं पाए और एलबीडब्ल्यू हो गए। कप्तान के आउट होते ही स्टेडियम में सन्नाटा छा गया। उसके बाद श्रेयस अय्यर ने भी फैंस की उम्मीद तोड़ी और वो भी अपना बिना खाता खोले आउट हो गए। जिसके बाद सोशल मीडिया पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा फैंस के रडार पर आ गए हैं और वो लगातार ट्रोल हो रहे हैं। बता दें कि, रोहित शर्मा डक आउट होने पर फैंस की रडार पर आ गए हैं। सोशल मीडिया पर उनके आउट होने के बाद लगातार मीम्स वायरल हो रहे हैं। वहीं इस दौरान उनका एक पुराना बयान भी वायरल हो रहा है। जिसमें उन्होंने कहा था कि वह चाहते हैं कि अगर भारत के 10 रन पर तीन विकेट गिर जाते मध्यक्रम इसके लिए तैयार रहे और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत इससे भी खराब स्थिति में फंस गई थी। जिसे विराट कोहली और केएल राहुल ने उबारा है। इसलिए सही मायने में टीम को कोहली और राहुल की जोड़ी ने टीम को मुसीबत से निकाला है। फिलहाल, मिचेल स्टार्क ने अपने पहले ही ओवर में ईशान किशन को पवेलियन का रास्त दिखाया। दूसरे ओवर में जोश हेडलवुड ने तीसरी गेंद पर रोहित शर्मा को डक आउट किया और फिर उसी ओवर की आखिरी गेंद पर श्रेयस अय्यस चौका लगाने के प्रयास में डेविड वॉर्नर को अपना कैच थमा बैठे। सिर्फ दो रन पर भारत ने तीन विकेट गंवाए।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के बैनर तले राष्ट्र के हित में शिक्षा, शिक्षक के हित में समाज विषयक संगोष्ठी का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के बैनर तले राष्ट्र के हित में शिक्षा शिक्षा के हित में शिक्षक के हित मेरे समाज विषयक संगोष्ठी का आयोजन वाराणसी पब्लिक स्कूल में आयोजित किया गया जिसके अध्यक्ष लाल बहादुर शास्त्री पीजी कालेज पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर के प्राचार्य प्रो० डा० उदयन मिश्र,मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ काशी विभाग के बौद्धिक प्रमुख दिनेश पाठक,विशिष्ट अतिथि मलिकपुरा पीजी कालेज गाजीपुर के प्राचार्य प्रो० डा० दिवाकर सिंह व वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भाजपा विधि प्रकोष्ठ काशी क्षेत्र के संयोजक शशांक शेखर त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम का संयुक्त संचालन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पाण्डेय "शेखर" एवं जिला महामंत्री आनंद कुमार सिंह ने तथा धन्यवाद ज्ञापन महिला विंग की जिलाध्यक्ष डा० रमा रुखैयार ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए दिनेश पाठक ने कहा भारत की शिक्षा का उद्देश्य छात्रों में राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करना होना चाहिए जिसकी पूरी जिम्मेदारी शिक्षकों और समाज के कंधों पर है हमारा शिक्षक राष्ट्र निर्माण के कार्य में कहीं से भी चूके नहीं उसके लिए शिक्षक के सम्मान एवं अधिकार की चिंता करना समाज के हर व्यक्ति,संस्था की जिम्मेदारी है` विशिष्ट अतिथि दिवाकर सिंह ने कहा कि प्राथमिक शिक्षा किसी भी राष्ट्र के निर्माण में नींव के पत्थर की भूमिका निभाता है लेकिन आज जिस ढंग से प्राथमिक शिक्षकों छात्रों को पढ़ाने से ज्यादा अन्य गैर शैक्षणिक कार्यों में उलझाया जा रहा है वह देश के साथ खिलवाड़ जिसे तत्काल रोकने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए शशांक शेखर त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षकों का एक मात्र कार्य कक्षा कक्ष में बैठे छात्रों के अंदर ज्ञान का बीजारोपण और उनका चरित्र निर्माण है जिससे वे राष्ट्र निर्माण की भूमिका में एक श्रेष्ठ नागरिक तैयार करने की अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकें लेकिन आज जिस ढंग से शिक्षकों राजनैतिक गैर राजनैतिक एवं गैर शैक्षणिक कार्यों में एक वेतन भोगी सरकारी कर्मचारी के रूप में भीड़ जुटाने के लिए उपयोग किया जा रहा है चाणक्य जैसे शिक्षक परंपरा के भारत में शिक्षकों का घोर अपमान है जिसको बंद कराना हम सबकी जिम्मेदारी है।

## कांग्रेस पार्टी का हर बूथ, जय कांग्रेस अभियान का आगाज

प्रखर वाराणसी। हर बूथ जय कांग्रेस अभियान के तहत ब्लॉक चोलापुर के सुल्तानीपुर ग्राम पंचायत में कई व्यक्तियों ने बसपा, भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया जिसमें मुख्य रूप से रमेश राम, देव नारायण, राम गुलाम, कैलाश राम, निर्मला देवी, सरजू प्रसाद, महाजन, रामवृक्ष राम, लक्ष्मण राम, श्याम बिहारी, सलीम, साजूराम, अनुराग, गुड्डू, सितम के साथ अन्य लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। सदस्यता ग्रहण के समय ब्लॉक अध्यक्ष चोलापुर मनोज चौबे, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह एडवोकेट ,जिला उपाध्यक्ष वाराणसी राजीव राम राजू ,भगवती प्रसाद, पवन कुमार, कन्हैयालाल जी, रतनलाल सेठ आदि प्रमुख रूप की उपस्थिति में हुआ। सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों ने गरम जोशी से नारा लगाते रहे कि हर बूथ जय कांग्रेस।

## शिव बारात समिति द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। काशी की विश्व प्रसिद्ध शिव बारात समिति के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें मुख्य अतिथि नगर प्रमुख अशोक तिवारी थे संस्था ने उन सभी संस्थाओं और नगर के गणमान्य लोगों को सम्मानित किया जो कुछ अलग समाज सेवा के क्षेत्र में काम कर रहे है। सम्मानित होने वालों में आर. के. चौधरी, दीपक बजाज, राहुल सिंह, उमाशंकर अग्रवाल, अग्रवाल समाज के सभापति संतोष अग्रवाल , मारवाड़ी समाज के अध्यक्ष परसोत्तम भाई,महेश चौधरी, शशीधर इस्सर, मनोज केशरी , बदरुद्दीन अहमद के अलावा हेल्पिंग हैंड, किशोर रोटी बैंक,राष्ट्रीय रोटी बैंक महिला महिला व्यापार मंडल , दीक्षा महिला संस्थान की संतोषी शुक्ला, पूर्वांचल महिला व्यापार मंडल की प्रिया राज अग्रवाल, वन्दना रघुवंशी, रोली रघुवंशी ,सरोज पाल आदि का संस्था के अध्यक्ष जगदंबा तुलस्यान ने मुख्य अतिथि और अन्य अतिथियों के साथ स्वागत किया। संस्था के संस्थापक दिलीप सिंह ने बताया की काशी की पहचान यहाँ के संस्कृति और परम्परा से है विकास के चकाचौध में परम्पराएँ समाप्त हों रही है काशी की आत्मा मर रही है संस्था का उद्देश्य यहाँ के प्राचीन परम्परा को बचाना और बनाए रखना है संचालन महेश माहेश्वरी और धन्यवाद संस्था के उपाध्यक्ष संदीप केशरी ने किया। उक्त अवसर पर शिव बारात के चालीस वर्षों पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म दिखाया गया और चालीस वर्षों से ज्यादा समय से निकलने वाली शिव बारात के फोटो की प्रदर्शनी लगाई गाई थीं जो आकर्षण का केंद्र थीं।

## संवाद से ही प्रभु की प्राप्ति और उद्धार : प्रमोद महाराज




प्रखर पिंडरा वाराणसी। परम पूज्य संत प्रमोद महाराज ने कहाकि सम्बंध की नींव संवाद से होती है। संवाद से ही सम्बंध बना रहता है। प्रभु से संवाद (पूजा) से उद्धार होगा। उक्त प्रवचन सन्त नारायण बाबा पब्लिक इण्टर कॉलेज खालिसपुर में आयोजित श्रीमद भागवत महापुराण कथा के तृतीय दिवस में सोमवार को लखरऊ से पधारे परम पूज्य संत श्री प्रमोद दास जी महाराज ने कही। कथा में सुनाया कि सुनीति हमें सत्कर्म, सुविचार, सुयोग्य पथ पर अग्रसर रहने की प्रेरणा देती है, परन्तु सुरुचि ठीक इसके विपरित पथ पर लेकर चली जाती है। कथा हमें संदेश देती है कि हम सुरुचि नहीं सुनीति के पथ पर चलकर प्रभु के अनुगामी बनें। आगे उत्तानपद तथा प्रियव्रत की कथा में बताया गया कि जहां अधर्म होता है वहां जागृत शक्तियां समाप्त हो जाती हैं तथा अन्याय बढ़ जाता है। अंत हुई आरती में डा. रंगनाथ दुबे, सुभाष मिश्र, संजय गुप्ता, अनिता गुप्ता, मणिशंकर पटेल, विजय तिवारी, अनिल दुबे, वीरेंद्र मिश्र, राकेश चौबे, रिजवान खान, समेत सैकड़ों लोगों ने कथा का रसपान किया।

## उत्तरी कश्मीर के बुरहान रैना ने गोवा में औरा मिस्टर मिस और मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में तीन खिताब जीते



प्रखर कश्मीर। उत्तरी कश्मीर के बारामुला जिले के रहने वाले बहुमुखी प्रतिभा के धनी बुरहान रैना ने गोवा में आयोजित औरा मिस्टर मिस और मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में अपने अविश्वसनीय प्रदर्शन से प्रतियोगिता की दुनिया में तहलका मचा दिया हैं। रैना की जीत की यात्रा मिस्टर जम्मू और कश्मीर के प्रतिश्ठित खिताब के साथ शुरू हुई, जो उनके चुंबकीय करिश्मा और मनमोहक मंच उपस्तिथि को दशार्ता हैं। हालाँकि, उनकी प्रतिभा और समपर्ण ने सीमाओं को पार कर लिया क्यूंकि उन्होंने मिस्टर परफेक्ट बॉडी और मिस्टर बेस्ट कौसटीयूम का खिताब हासिल करते हुए अतिरिक्त प्रशंसाए हासिल कीं। उनकी बेदाग काया और शैली में फिटनेस, फैशन और रचनात्मक अभिव्यक्ति का शानदार मिश्रण दिखाई दिया। गोवा प्रतियोगिता में रैना का शानदार प्रदर्शन असाधारण से काम नहीं था, जिससे उन्हें तीन प्रतिष्ठित खिताब मिले और विभिन्न श्रेणियों में उनकी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ। चरम शारीरिक फिटनेस के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता और उनके उल्लेखनीय मॉडलिंग कौशल ने न्यायाधीशों और दर्शको दोनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपनी निर्विवाद प्रतिभा, शिष्टता और शालीनता के साथ, रैना ने जजों पर एक अमिट छाप छोड़ी, और बेहद प्रतिस्पर्धी शीर्ष 5 में एक प्रतिश्ठित स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि न केवल उनकी व्यक्तिगत जीत को उजागर करती है बल्कि कश्मीर के बारामुला जिले के भीतर अविश्सवासनिये प्रतिभा और क्षमता पर भी सकारात्मक प्रकाश डालती हैं।



सरगुजा जिला सतपुड़ा पर्वत की उच्चतम भूमि पर स्थित लगभग 956 कि. मी. क्षेत्र में फैला है। भौतिक रचना की दृष्टि से सरगुजा का अधिकांश भाग दक्षिणी पठार का अंग रहा है, जो पुरातन कठोर चट्टानों से बना है। ऐसा अनुमान है कि 50 लाख से 2 करोड़ वर्ष पूर्व सम्पूर्ण सरगुजा ज्वालामुखी का एक ऊंचा पठार था, जो रींवा से लेकर रांची तथा पलामऊ तक फैला था। इस क्षेत्र की भूमि ऊंची नीची है। पहाड़ियां, पठार और घाटियां इसकी धरातलीय संरचना को स्पष्ट करती हैं। सरगुजिहा में ऊंचे समतल भाग को पाट कहते हैं।

# तिब्बत का पठार भी कहलाता है सरगुजा

छत्तीसगढ़ अंचल के कोने कोने में रियासत काल के अनेक ऐतिहासिक साक्ष्य उस स्थान की विशेषता को प्रदर्शित करते रहते हैं। इसी तरह छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले का अपना भी अलग इतिहास है। यहां तक कि इस स्थल के नामकरण को लेकर भी रोचक जानकारियां हमें मिलती है। यदि इस स्थल का अवलोकन करें तो सरगुजा जिला सतपुड़ा पर्वत की उच्चतम भूमि पर स्थित लगभग 956 कि. मी. क्षेत्र में फैला है। भौतिक रचना की दृष्टि से सरगुजा का अधिकांश भाग दक्षिणी पठार का अंग रहा है, जो पुरातन कठोर चट्टानों से बना है। ऐसा अनुमान है कि 50 लाख से 2 करोड़ वर्ष पूर्व सम्पूर्ण सरगुजा ज्वालामुखी का एक ऊंचा पठार था, जो रींवा से लेकर रांची तथा पलामऊ तक फैला था। इस क्षेत्र की भूमि ऊंची नीची है। पहाड़ियां, पठार और घाटियां इसकी धरातलीय संरचना को स्पष्ट करती हैं। सरगुजिहा में ऊंचे समतल भाग को पाट कहते हैं। पूर्वी भाग में मैनपाट, जमीरपाट, जरंगपाट, लसुनपाट और सामरी पाट प्रसिद्ध हैं। इनमें से मैनपाट को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया गया है तथा यहां तिब्बतियों को बसाया गया है। इस स्थल को छत्तीसगढ़ की ग्रीष्मकालीन राजधानी बनाने भी प्रस्तावित है। इसकी लंबाई 28 किमी, चौड़ाई 90 कि मी और ऊंचाई समुद्र तल से 3750 फीट है। इस स्थल को सरगुजा का 'तिब्बत का पठार' भी कहा जाता है। इस तरह अंचल के सरगुजा जिले का इतिहास सदैव पाठकों और इतिहासकारों को अपनी ओर आकर्षित ही करते रहेंगे।



गांव की कहानी : डा. सुधीर पाठक

# पोलियो ड्रॉप पिलाकर सीएमओ ने किया मिशन इंद्रधनुष के तीसरे चरण का शुभारंभ




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हाथी खाना के अंतर्गत कांशीराम आवास चांदमारी के नियमित टीकाकरण बूथ से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ देश दीपक पाल ने सोमवार को सघन मिशन इंद्रधनुष के तीसरे व अंतिम चरण का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने बच्चोंको पोलियो की दवा पिलाई। बूथ पर कई बच्चों को मीजल्स-रूबेला सहित अन्य टीके भी लगाए गए। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त 16 ब्लॉक स्तरीय सामुदायिक- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों व स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी तीसरे चरण की शुरूआत की गई। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण वाराणसी मण्डल की अपर निदेशक डॉ मंजुला सिंह ने मण्डल स्तर पर वाराणसी के चौकाघाट सीएचसी से अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ देश दीपक पाल ने कहा कि नियमित टीकाकरण अभियान में किसी कारणवश छूटे पाँच वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती को प्रतिरक्षित करने के लिए सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 चलाया गया है। अभियान में बच्चों को प्रमुख रूप से मीजल्स-रूबेला का टीका लगाया जाएगा। साथ ही गर्भवती को टिटनेस-डिप्थीरिया का टीका लगाया जाएगा। यह टीका गर्भवती को व उनके गर्भस्थ शिशु को टिटनेस व डिप्थीरिया रोग से बचाता है। उन्होंने परिजनों से अपील की कि अपने घर के आसपास के परिजनों को पाँच वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण कराने के लिए पीएचसी-सीएचसी जाने के लिए प्रेरित करें। सीएमओ ने कहा कि कोई भी बच्चा छूटा हो तो उसका टीकाकरण अवश्य कराएं। सभी टीके पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं। टीका लगने के बाद सामान्य बुखार हो सकता है लेकिन घबराने की आवश्यकता नहीं है। प्रतिकूल प्रभाव से निपटने को रैपिड रिस्पांस टीम तैयार की गई है। इसके अलावा नजदीकी सीएचसी-पीएचसी पर भी चिकित्सक से सलाह ली जा सकती है। उन्होंने बताया कि आईएमआई 5.0 के तीसरे चरण के लिए जिले के छूटे पाँच वर्ष तक के 15468 बच्चों एवं 3482 गर्भवती को टीकाकरण के लिए लक्षित किया गया है। इसके लिए जनपद में करीब दो हजार टीकाकरण सत्र आयोजित किये जाएंगे। इस दौरान बच्चों को 11 बीमारियों से बचाव के लिए टीका लगाया जाएगा, जिनमें डिप्थीरिया, काली खांसी, टिटनेस, पोलियो, क्षय, हेपेटाइटिस-बी, मैनिंजाइटिस, निमोनिया, हेमोफिलस इन्फ्लुएंजा टाइप-बी संक्रमण, डायरिया रोटा वायरस और खसरा-रूबेला शामिल है। सीएमओ ने जनपदवासियों से अपील की कि इस टीकाकरण अभियान में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें। अभियान के तहत उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों व टीकाकरण के प्रति उदासीन परिवारों के बच्चों और गर्भवती की शत-प्रतिशत टीके पर जोर दिया जाएगा। टीकाकरण सत्र हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर, वीएचएसएनडी सत्र, समस्त सरकारी स्वास्थ्य केंन्द्रों में भी आयोजित किए जाएंगे। अभियान में प्रमुख रूप से मीजल्स रूबेला टीकाकरण के साथ ही ह्लपाँच साल, सात बार छूटे न टीका एक भी बारह्व पर जोर दिया जाएगा। इस दौरान अर्बन नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ मुंशीलाल, जिला नगरीय समन्वयक अशोक कुमार, एमओआईसी डॉ ईशानी ने भी बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई। इस मौके पर यूएनडीपी से प्रवीण उपाध्याय,यूनिसेफ से डीएमसी बलवंत सिंह, चाई से मणि शंकर एवं अन्य अधिकारी व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

## उप महानिरीक्षक वाराणसी परिक्षेत्र ने पुलिस अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को श पुलिस उपमहानिरीक्षक,वाराणसी परिक्षेत्र,वाराणसी व पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा पुलिस लाइन गाजीपुर में सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं सभी थानाध्यक्षों के साथ कानून व्यवस्था, अपराध एवम अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवम की गई कार्यवाही की समीक्षा गोष्ठी की गई। मिशन त्रिनेत्र के तहत लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की जानकारी ली गई।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सभी सर्किलों के क्षेत्राधिकारी, सभी थानाध्यक्ष तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पाँव छूकर बच्चों ने लिया आशीर्वाद

## बच्चों के प्रति मुख्यमंत्री प्यार देख विदेशी बायर भी हुए खुश

प्रखर भदोही। भदोही के 'कारपेट एक्सपो मार्ट' में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले का उद्घाटन करने पहुँचे तो अचानक दो बच्चे दौड़कर उनका पैर पकड़ लिया। यह उस समय हुआ जब मुख्यमंत्री कालीन की दुकानों का अवलोकन कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों के सिर पर हाथ रख कर आशीर्वाद दिया। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद की तरफ 8 से 11 अक्टूबर तक आयोजित चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कालीन मेले का वह उद्घाटन करने पहुंचे थे। जहां कार्पेट शॉप्स के अवलोकन के दौरान एक स्टॉल पर अचानक दो बच्चे दौड़कर सीएम योगी आदित्यनाथ का पैर छू लिया।



मुख्यमंत्री ने बच्चों को बड़े प्यार से दुलारा, पुचकारा फिर उन्होंने आशीर्वाद दिया। सीएम ने बड़ी सहजता से बच्चों से खुशमिजाज अंदाज में बातचीत भी किया। वहीं सीएम की उदारता को दर्शित कराता यह पूरा माजरा चर्चा का विषय बना रहा। इस दौरान वहाँ पर मौजूद विदेशी बायर भी कार्पेट मुख्यमंत्री को नन्हें-मुन्हें बच्चों को दुलारते, प्यार करते देख खुश हो गए।

## छात्र संघ बहाली को लेकर निकली पदयात्रा का सपा जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने किया स्वागत



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। छात्रसंघ की बहाली की मांग को लेकर लोकनायक सिताबदियारा बलिया से महामना बनारस बीएचयू तक की पदयात्रा पर नागेन्द्र सिंह झुन्नू के नेतृत्व में निकले पदयात्री छात्र नेता आदित्य योगी, सूरज गुप्ता, आदर्श मिश्रा, अमित यादव, मदनी नसीम, रोहित कुमार, शैलेश सिंह, धनंजय सिंह, सुनील सिंह पप्पू, नितेश सिंह, रंजन गुप्ता तथा विकास गुप्ता आदि छात्र नेताओं का समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष गोपाल यादव ने पार्टी कार्यालय समता भवन पर पार्टी के कार्यकताओं और छात्र नेताओं के साथ माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया और अपना समर्थन पत्र देकर पदयात्रियों की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि आपका यह आंदोलन तानाशाह भाजपा सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि जब जब इस देश में छात्र नौजवानों ने अंगड़ाई ली है देश में सत्ता परिवर्तन हुआ है। आपका यह संघर्ष खाली नहीं जायेगा। उन्होंने भाजपा को लोकतंत्र विरोधी बताते हुए कहा कि भाजपा इस देश से लोकतंत्र को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि छात्रसंघ लोकतंत्र की शिशु स्थल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में छात्रसंघ का चुनाव न होना अत्यन्त दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने छात्रसंघ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्रसंघ का चुनाव होना जरूरी है । छात्रसंघ विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में होने वाली अनियमितताओं को रोकने के साथ साथ छात्रों के हित की लड़ाई लड़ता है। छात्र नेता रहे डॉ समीर सिंह ने स्वागत करते हुए कहा कि इसी छात्रसंघ से निकले हुए लोगों ने जंगे आजादी की लड़ाई से लेकर आपात काल तक की लड़ाई का नेतृत्व इसी छात्रसंघ की कोख से निकले नेताओं ने किया । उन्होंने लोकबंधु राजनारायन चन्द्रशेखर, मधुलिमये मधु दंडवते , प्रभु नारायण, मुलायम सिंह यादव सरीखे नेताओं का नाम लेते हुए कहा कि इन नेताओं ने छात्रसंघ की कोख से निकल कर सफर करते हुए राजनीति के शीर्ष शिखर पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आयें दिन दूसरे राजनीतिक दलों की जब प्रदेश में सरकार बनती है छात्रसंघ पर ताला लगाने का काम होता है और जब समाजवादी पार्टी की प्रदेश में सरकार बनती है उसकी पहली कलम छात्रसंघ को बहाल करने के लिए चलती है। पदयात्रियों का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से डा.नन्हकू यादव, विजय बहादुर यादव, रविन्द्र प्रताप यादव, सुरज राम बागी ,सदानंद यादव, सत्या यादव, डॉ समीर सिंह,अरुण कुमार श्रीवास्तव, भानु यादव, विभा पाल तथा छात्र नेताओं में गोविंद यादव, अमरजीत यादव, शिवम्‌ पांडे, रणजीत यादव, दीपक उपाध्याय, सिद्धार्थ किरन, प्रद्युम्न सिंह यादव, बृजेश सिंह शेरू, अनिल यादव, आदि उपस्थित रहे।

## स्व. उषा मिश्रा की पुण्य स्मृति में गरीबों,असहायों व जरूरतमंदों को कंबल और फल का किया गया वितरण

प्रखर शाहगंज जौनपुर। विकासखंड क्षेत्र सुईथाकला अंतर्गत उसरौली निवासी पूर्व प्रधानाचार्य सूर्यनाथ मिश्र की पुत्रवधू तथा उमेश चंद्र मिश्र की धर्मपत्नी स्व. उषा मिश्रा की दूसरी पुण्यतिथि पैतृक निवास पर मनाई गई। पूर्व प्रधानाचार्य ने चित्र पर माल्यार्पण करके भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।दूर दराज से आए हुए अति गरीबों, असहायों, जरूरतमंदों तथा लाचार व्यक्तियों को कंबल, फल और मिष्ठान का वितरण किया गया। आर्थिक सहायता भी की गई।श्री मिश्रा ने कहा कि अभावग्रस्त और जरूरतमंद व्यक्तियों के ह्रदय में ईश्वर का वास होता है।ऐसे असहाय लोगों की निस्वार्थ सेवा ईश्वर की सच्ची सेवा है।उमेश चंद्र मिश्र ने अपनी पत्नी की दूसरी पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित करके श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि परोपकार अत्यंत दिव्य गुण है। दूसरों की भलाई ही सबसे बड़ा पुनीत और धर्म का कार्य है। उन्होंने कहा कि परहित से बड़ा कोई धर्म नहीं है और दूसरों को पीड़ा पहुंचाने से बड़ा दूसरा पाप नहीं है।पूर्व ग्राम प्रधान रमेश चंद्र गुप्ता (धाकड़) ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह एक कुशल गृहणी, व्यवहार कुशल, मधुर भाषी, कर्तव्य परायणा, नेक और दयालु ह्रदय की महिला थीं। वह करुणा और सहनशीलता की प्रथम मूर्ति थीं। उनकी पावन स्मृति में आयोजित नेक कार्य की सराहना की। पूर्व प्रधान ने कहा कि ऐसे पुण्य कार्य के लिए समाज के लोगों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों को भी आगे आना चाहिए। गरीब और असहाय व्यक्ति इस धरती पर ईश्वर का दूसरा रूप है। इस अवसर पर डा.राम सिंगार मिश्र, देवी प्रसाद तिवारी,मातافेर माली, रजनीश तिवारी,राहुल मिश्र, लक्ष्मी शंकर वर्मा ,मोतीलाल ,करुणा शंकर तिवारी ,महंथ रजक ,रंजीत यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस इनकाउंटर में अंतर्जनपदीय बदमाश को पैर में लगी गोली

## पुलिस संयुक्त ऑपरेशन में दो आये शिकंजे में, एक फरार



प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। शाहगंज कोतवाली के बद्दोपुर पुलिया के पास बीती रात्रि बदमाशों और पुलिस में मुठभेड़ हो गई। बदमाशों की गोली से कोतवाली प्रभारी बाल बाल बच गए। जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश को पैर में गोली लगी। स्थानीय सीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एक अन्य अपराधी को पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ लिया। तीसरा अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। तीनों अंतर्जनपदीय बदमाश है वह पूर्वांचल के जनपदों में लूट समेत अन्य अपराधों में लिप्त थे। उनके पास से एक मोटरसाइकिल, असलहा व कारतूस, नकदी और आठ एटीएम कार्ड बरामद हुआ है। सीओ शाहगंज शुभम तोदी ने बताया कि कोतवाली पुलिस और सरपतहा पुलिस क्षेत्र के बद्दोपुर पुलिया मजडीहा मार्ग पर तलाशी अभियान चला रही थी। तभी एक मोटरसाइकिल पर तीन बदमाश आते दिखाई दिए । पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो फायरिंग करने लगे । उनकी गोली से प्रभारी कोतवाली एसएचओ जय प्रकाश यादव बाल बाल बच गए । पुलिस टीम की जवाबी कार्यवाही में एक बदमाश को पैर गोली लग गई । वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा । उसके एक अन्य साथी अपराधी को पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया । घायल की पहचान अजय भारती उर्फ जेपी पुत्र राकेश निवासी ख़्महौरा के रूप में हुई । उस पर लूट, शराब तस्करी, गैंगेस्टर समेत करीब दो दर्जन गम्भीर आपराधिक मामले दर्ज है। गिरफ्तार आरोपित ने अपना नाम दिलीप कुमार पुत्र लालजी निवासी कोहड़ा बताया । उस पर भी लूट और हत्या के प्रयास का दो मुकदमे है । हालांकि पुलिस और बदमाशों के बीच कितनी राउण्ड में गोली चली पुलिस ने स्पष्ट नही किया। अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हुआ तीसरा बदमाश की पहचान संगम यादव पुत्र तालुक दार यादव निवासी अंगूरी पोखरा थाना खुटहन है। उस पर एक दर्जन से ज्यादा गम्भीर आपराधिक मामले पंजीकृत है। कोतवाली पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है।

**पूर्वांचल में आतंक के है पर्याय है बदमाश जेपी**- खेतासराय(जौनपुर) शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के बद्दोपुर पुलिया पर पुलिस की संयुक्त ऑपरेशन में पुलिस के शिकंजे में आये दो बदमाश तथा फरार लुटेरों की कुंडली को खंगाली जाए तो इनका घर भले ही जिले में है । लेकिन इनका जरायम जनपद समेत भदोही, अयोध्या, वाराणसी, गाजीपुर जिलों में आतंक के पर्याय थे। लूट, टप्पेबाजी और शराब तस्करी समेत अन्य संगीन अपराध से इनका जुड़ाव रहा । पल भर में जरायम को अंजाम देते थे । घायल बदमाश अजय भारती उर्फ जेपी बहुत ही शातिर है । सँयुक्त कार्यवाही में प्रभारी एसएचओ जय प्रकाश यादव, एसओ सरपतहा विनोद कुमार सिंह समेत दोनों थाने की पुलिस जवान शामिल रहे।

## अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित तिवारी का स्वामी विश्वनाथानंद एवं संपूर्णा नंद पाण्डेय ने किया सम्मान

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के तरफ से पांचवें दिन अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमित तिवारी कथा में सम्मिलित हुए स्वामी विश्वनाथानंद एवं अनन्य भक्त संपूर्णा नंद पाण्डेय के द्वारा सम्मान किया गया। भागवत कथा में आशुतोष जी महाराज के द्वारा संचालित संस्था में हो रहे श्रीमद भागवत कथा में पांचवे दिन जो की विश्व विख्यात साध्वी सुश्री वैष्णवी भारती के द्वारा कृष्ण भगवान का बाल्यपन कथा से अभी भूत हुए अनुयाई संपूर्णा नंद पाण्डेय ने सभी लोगो से निवेदन किए की अधिक से अधिक कथा में लोग आए। स्वामी विश्वनाथन नंद ने कहा की वाराणसी के कथा में अधिक से अधिक लोग आए और श्रीमद भागवत कथा का आनंद ले और 25 अक्टूबर से श्रीमद् भागवत कथा जो की लखनऊ में शुरू हो रहा है आप लोग अधिक से अधिक संख्या में वहां भी आने का प्रयत्न करे।






## कमेटी ने पत्रकारों का बढ़ाया सम्मान, भव्य सजावट पर युवाओं को किया सम्मानित



प्रखर जौनपुर। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर नगर के प्रमुख मार्गो को आकर्षक रूप से सजाने वाले विभिन्न अंजुमनों के पदाधिकारियों व पत्रकारों को संस्था ने सम्मानित किया। बताया कि इस पूरे कार्यक्रम को चार-चांद लगाने में मीडिया का बहुत बड़ा योगदान है। जब मीडिया कस्बे के इस ऐतिहासिक जलसे ईद मिलादुन्नबी के बड़े कार्यक्रम को देश दुनिया में दिखाती है तो उससे आपसी सौहार्द और प्रेम का संदेश देश दुनिया में जाता है। दो दिवसीय इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुये। कस्बे की प्रसिद्ध अंजुमन गुलमान-ए-अशरफ सजावट कमेटी की टीम ने नगर को विद्युत झालरों से आकर्षक सजावट किया था। जिसे मीडिया के माध्यम से देश दुनिया मे पहुचाने पर युवा पत्रकार मोहम्मद अरशद को स्मृति चिन्ह देकर समानित किया गया। यह सम्मान देते हुये अंजुमन गुलमान-ए-अशरफ सजावट कमेटी के लोगों ने कहा कि स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करना बड़े ही गर्व की बात है। इस मौके पर अबदाल अहमद, शादाब नवाज, समीर अंसारी, साकिब खान, सलाउद्दीन अंसारी, युवा सपा नेता अनुराग यादव, आलमजेब असलम (जेबू), काशिफ खान, मोहम्मद फैजान इराकी, मोहम्मद अलकैस इराकी, फैज खान समेत तमाम लोग रहे।

## भारत विकास परिषद शक्ति शाखा का सेवा एवं संस्कृत सप्ताह का समापन एवं तीजोत्सव समारोह का आयोजन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारत विकास परिषद शक्ति शाखा का सेवा एवं संस्कृत सप्ताह का समापन एवं तीजोत्सव समारोह का आयोजन रथयात्रा स्थित कन्हैया लाल स्मृति भवन मे हुआ` सर्वप्रथम भारत माता और स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजली कर राष्ट्रीय गीत से सभा का प्रारंभ हुआ तत्पश्चात शाखा के अध्यक्ष संदीप सिंह ने सभा का स्वागत किया गणेश वन्दना से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। सेवा एवं संस्कृति सप्ताह के प्रकल्प प्रमुख सनी अग्रवाल ने सेवा एवं संस्कृति सप्ताह में किए गए सेवा कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट सभा के समक्ष प्रस्तुत किया तत्पश्चात तीजोत्सव का सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमे महिलाओं का समूह नृत्य, पुरुषों का समूह नृत्य, कजरी, युगल नृत्य, बच्चों का मनमोहक नृत्य, गायन, गेम इत्यादि हुआ रंग बिरंगे भारतीय परिधान में शाखा के सभी सदस्य बड़े ही मनमोहक लग रहे थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय दायित्वधारी ,क्षेत्रीय दायित्वधारी, प्रान्तीय दायित्वधारीयों समेत शाखा की ओर से अध्यक्ष सन्दीप सिंह, सचिव आनंद सिंह, कोषाध्यक्ष विरेन्द्र बहादुर सिंह, महिला संयोजिका कविता मेहरोत्रा, उपाध्यक्ष किशोर सिंह, संस्थापक अध्यक्ष ज्योति श्रीवास्तव, मार्गदर्शक सुनील सिंह, मार्गदर्शक प्रशांत श्रीवास्तव सुधा सिंह, नीतू सिंह, आयुषी सिन्हा, अनिल सिन्हा, उमेश जायसवाल सहित इत्यादि लोग उपस्थित रहे। संचालन जी.के.सिंह और शिखा सिंह ने किया`कार्यक्रम का संयोजन मीना सिंह, चन्द्रावती सिंह, विभा सिंह, नीलू श्रीवास्तव एवं अनुराधा सिन्हा ने किया।

## दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की वाराणसी शाखा द्वारा आयोजित दो दिवसीय सेमिनार का आयोजन संपन्न

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। दी इंस्टीटूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की वाराणसी शाखा द्वारा 7 और 8 अक्टूबर 2023 शनिवार और रविवार को दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन कैण्टोनमेण्ट स्थित होटल सूर्या में किया गया। सम्मेलन के दूसरे दिन मुख्य वक्ता सीए आंचल गुप्ता, अमृतसर, सीए कीर्ति जोशी इंदौर, और सीए धर्मेंद्र श्रीवास्तव कानपुर रहे कार्यक्रम का शुभारम्भ शाखा अध्यक्ष सी.ए.अनिल कुमार अग्रवाल के स्वागत भाषण द्वारा और धन्यवाद ज्ञापन शाखा सचिव सीए. नीरज कुमार सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन के विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष सीए. शिशिर उपाध्याय, सीए अमित कपूर और पूर्व अध्यक्ष सीए. विजय प्रकाश ने किया` कार्यक्रम का संचालन सीए. दिव्या गुलाटी, सीए. करनदीप सिंह, सीए. चहक चुग ने किया। प्रथम सत्र की वक्ता अमृतसर से आई सीए. आंचल कपूर ने बताया कि जीएसटी में कर का रिफंड (वापसी) करदाता किन परिस्थितियों में ले सकता है` एक्सपोर्ट के केस में कर वापसी के लिए आवेदन कैसे कर सकते है, उनके लिए क्या दस्तावेज की जरूरत होती है और जीएसटी विभाग कैसे इन आवेदन को वॉरिफाई करके कर वापसी या रिफंड का लाभ करदाता को देता है। द्वितीय सत्र के वक्ता सीए. कीर्ति जोशी जी ने बताया की जीएसटी विभाग द्वारा करदाताओं की जीएसटी ऑडिट करी जाती है और करदाता द्वारा उस वित्त वर्ष की वृहद जांच की जाती है। करदाता को कैसे अपने दस्तावेज रखने चाहिए जिससे वो विभाग द्वारा ऑडिट में अपने पूरे वर्ष का लेखा जोखा विभाग के सामने रख सके। इसके उपरान्त तृतीय सत्र के वक्ता सीए. धर्मेंद्र श्रीवास्तव ने बताया हर कर व्यवस्था में जांच, खोज, जब्ती और गिरफ्तारी का प्रावधान होता है और जीएसटी के कानून में भी यह है` जीएसटी के करदाता को जीएसटी के प्रावधानों का अनुपालन, दस्तावेज का रख रखाव से संबंधित कानून का कैसे पालन करे इससे संबंधित प्रावधानों पे विस्तृत चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में शाखा उपाध्यक्ष सीए. सौरभ कुमार शर्मा, शाखा सचिव सीए नीरज कुमार सिंह,शाखा पूर्व अध्यक्ष सीए सोमदत्त रघु, पूर्व अध्यक्ष पीके अग्रवाल, सीए विश्वजीत सिंह, सीए मनोज अग्रवाल, सीए सुदेशना बसु, सीए जमुना शुक्ला, सीए रश्मि केसरवानी, सीए विष्णु अग्रवाल, सीए अमित गुप्ता, सीए मीनाक्षी गुजराती, सीए विशाल सिंह, सीए आलोक शिवाजी, सीए मनीष जैसवाल, सीए कैलाश यादव, सीए मोहित यादव, सीए आकाश चौरसिया, सीए अजय सिंह, सीए अंजनी सिंह व आसपास के शहरों से कई चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आदि उपस्थित रहे।




# मिशन शक्ति के तहत पुलिस कर्मियों ने छात्राओं और ग्रामीणों को किया जागरूक

## हेल्पलाइन 1090, 181, 108, 112 आदि नंबरों की दी गई जानकारी



प्रखर थानागद्दी जौनपुर। केराकत कोतवाली पुलिस द्वारा महिलाओं, युवतियों व छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके तहत सोमवार को बम्मवन, बेहड़ा और थानागद्दी कस्बे में स्कूल छात्राओं व भीड़भाड़ वाले स्थानों में जाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिलाओं व बालिकाओं को आत्मरक्षा के लिए जागरूक किया गया। महिला एवं बालिकाओं से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। कोतवाली पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सशक्तीकरण अभियान की विस्तृत जानकारी दी।महिलाओं को इसका सदैव अहसास होना चाहिए। कहीं आते-जाते यदि रास्ते में अथवा कार्य स्थल या फिर घर के आसपास कहीं कोई मनचला आपको परेशान करे, तो घबराएं कदापि नहीं। ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए टोल फ्री नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दें। इस दौरान वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर-112, चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। महिला पुलिस कर्मियों ने कहा कि शिकायत करने वालों का नाम-पता गोपनीय रखा जाएगा। इस दौरान बालिकाओं व ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं एवं बच्चियों को मिशन शक्ति अभियान व सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें सुरक्षा व आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए नियम-कानून के प्रति जागरूक किया गया। अभियान की अगुवाई कर रहे केराकत कोतवाल रामजनम यादव ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र में इस तरह की कई टीम को बनाकर गाव, बाजार और स्कूल के पास जहा भीड़ भाड़ रहती है वहां महिलाओं और छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है और इसके साथ-साथ एंटी रोमियो टीम भी पूरे क्षेत्र में सक्रिय है। जिससे महिलाओं के साथ होने वाले अपराध पर अंकुश लग सके।

# समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मान्यवर काशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर गोष्ठी का आयोजन



प्रखर जौनपुर। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मान्यवर काशीराम के परिनिर्वाण दिवस के अवसर निवर्तमान जिलाअध्यक्ष डां अवधनाथ पाल के अध्ययता में श्रद्धांजलि अर्पित कर गोष्ठी का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम उनके चित्र पर उपस्थित लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया वहीं सपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दीपचंद राम ने गोष्ठी को संम्बोधित करते हुए कहा कि मान्यवर काशी राम को बहुजन नायक के नाम से जाना जाता है वे एक भारतीय राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे जिन्होंने बहुजनों के उत्थान और राजनीतिक एकजुटता के लिए काम किया।भारत में जाति व्यवस्था के निचले भाग में अछूत समूहों सहित दलित पिछड़े या निचली जाती के लोगों की आवाज बुलंद करने के लिए कांशीराम ने डीएस-4 की स्थापना किया और आगे बहुजन समाजवादी पार्टी की गठन किया और जब तक वे हमलोगों के बीच रहे तब तक वे हमेशा दलित पिछड़े कमजोर गरीब तबका का मदद करते रहें। लेकिन आज उनकी बनाईं गई बहुजन समाज पार्टी उनके विचारों से नहीं चल रही हैं बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बहन मायावती अब बहुजन समाज को बेचने का काम कर रही हैं। आज मान्यवर काशीराम के सपनों को कोई साकार करने का काम कर रहा है तो सिर्फ और सिर्फ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव कर रहे है। आज हम सभी मान्यवर काशीराम के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर संकल्प लेकर जाये कि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी विचारधारा की सरकार बनाकर उनके सपनों को साकार करायेंगे और अपने हक अधिकार को लेकर रहेंगे। गोष्ठी में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लालबहादुर यादव,श्याम बहादुर पाल ,राहुल त्रिपाठी, हिरालाल विश्कर्मा, श्रवण जयसवाल, इर्शाद मंसूरी, राम इकबाल यादव, रामू मौर्या, सूर्य भान यादव, घनश्याम यादव, अमित यादव, अखिलेश यादव, हवलदार चौधरी, हरिशचंद्र प्रभाकर, कमालुद्दीन अंसारी सुनील गौतम, अजमत अली, मेवालाल गौतम, शमीर्ला यादव, अनील दूबे, धर्मेंद्र सोनकर, अशोक प्रजापति, साहब लाल, लालजी राम, रवीन्द्र गौतम, संजय कुमार, रितेश गौतम, गोलू वर्मा, अमर बहादुर, स्वत्रंत कुमार, संदीप गौतम संचालन राजेन्द्र टाइगर ने किया ।

## समाजसेविका लीना सिंह बनी प्रकृत अनाथ आश्रम की वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



प्रखर कसया, कुशीनगर। प्रकृति अनाथ आश्रम के राष्ट्रीय संरक्षक श्री श्री 108 श्री आचार्य गोविंद दास जी महाराज के निर्देश पर आश्रम के राष्ट्रीय प्रबन्धक मनोज कुमार दास ने समाज सेविका लीना सिंह को आश्रम का वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। लीना नरेंद्र तोमर केंद्रीय कृषि मंत्री की बहन हैं। तहसील कसया अंर्तगत ग्राम धुरिया निवासी श्री दास द्वारा जारी विज्ञप्ति में 460 एलआईसी ग्राउंड फ्लोर, सेक्टर 41/ए, चंडीगढ़ राज्य - 160036 निवासिनी समाज सेविका लीना सिंह पत्नी यशवीर सिंह के मनोनयन की जानकारी दी है। श्री दास ने कहा है कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप आश्रम की कल्याणकारी नीतियों, सुखी सम्पन्न राष्ट्र व समाज निर्माण में पूरी निष्ठा से योगदान देंगी। मनोनयन पर हनुमानगढ़ी महन्थ श्री श्री 108 श्री महंत बलराम दास जी महाराज, श्री 108 श्री महंथ बृजमोहन दास, साध्वी देवा ठाकुर एडवोकेट, पूजा सिंह, पंकज सिंह, कथावाचक प्रियंका द्विवेदी, सलेमपुर सांसद प्रतिनिधि जगन्नाथ कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र कुशवाहा, सुनील यादव आशुतोष पांडेय, टूना मिश्रा, संतोष यादव, प्रिया सिंह, पुष्पा सिंह, सरोज पांडेय, पिक्की पांडेय, रीता सिंह, मुन्ना सिंह, जयप्रकाश सिंह, विपुल सिंह सहित हजारों ने संस्था के तरफ से भी बधाइयां दी है।

## संक्षिप्त खबरें

### तीसरी बार जिलाध्यक्ष बनने पर पुष्पराज को दी बधाई



प्रखर जौनपुर। खुटहन क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता व अखिल भारतीय प्रधान संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण पांडेय बड़कऊ ने पुष्पराज सिंह को भाजपा के तीसरी बार जिलाध्यक्ष बनने पर बधाइयां दीं। दिल्ली प्रवास से लौटने पर श्रीकृष्ण पांडेय बड़कऊ ने सोमवार को जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह को बधाई देने पार्टी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जिलाध्यक्ष को पुष्पगुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा नेता श्रीकृष्ण पांडेय ने कहा कि जिलाध्यक्ष पुष्पराज के नेतृत्व में पार्टी और अधिक मजबूत व गतिशील बनेगी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। बधाई देने वालों में मंडल महामंत्री केशव प्रसाद तिवारी, मंडल उपाध्यक्ष नवनीत सिंह आकाश तथा पंचायत प्रकोष्ठ के मंडल संयोजक राजेश पांडेय आदि लोग रहें।

### विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने साकेत नगर हो रहे कार्य का किया निरीक्षण



प्रखर वाराणसी। साकेत नगर में नगर निगम द्वारा 15 वें वित्त से बनाए जा रहे सड़क पटरी कार्य में अनमीयता की शिकायत पर स्थानीय लोगों ने पार्षद प्रतिनिधि राजीव पटेल के नेतृत्व में विरोध दर्ज कराया । जिसकी जानकारी कैंट के विधायक सौरभ श्रीवास्तव को दी गई । विधायक सौरभ श्रीवास्तव द्वारा मौके पर जांच करवाई गई और लाल बालू के जगह मिट्टी युक्त सफेद बालू से काम पाया गया। कार्य की गुणवत्ता बेहद खराब पाया गया। जिसपर विधायक द्वारा अधिकारियों को संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कार्यवाही करने का आदेश दिया गया और ठिकेदार को बचाने का प्रयास करने वाले अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कही गई। मौके पर भाजपा महानगर महामंत्री अशोक पटेल, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, जितेन्द्र पटेल, सुनील श्रीवास्तव, प्रियांशु सिंह, सुनील चौहान, जय चौहान, सिसौदिया, सुमित सिंह, दुर्गेश पाठक, शिवम मिश्रा, रिशु सिंह, रत्नेश सिंह, रामकुमार पटेल, जयशंकर श्रीवास्तव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### महिला के साथ मारपीट करने तथा धमकी देने के मामले में केस दर्ज

प्रखर पूर्वांचल सहजनवां। सहजनवां थाना क्षेत्र के ग्रामसभा घुरियापार के टोला भटवल में बीते 5 अक्टूबर दिन मंगलवार को सुबह लगभग 8 बजे महिला के साथ मारपीट की घटना हुई थी। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिनी अंजू देवी पत्नी विनोद कुमार ग्राम- भटवल निवासिनी ने सहजनवां थाने में दिए तहरीर में बताया था कि उसके पट्टीदार चांदनी पत्नी बेचू निवासिनी भटवल के द्वारा रंजिशन बेवजह मुझे गाली गुप्ता दिया जा रहा था जिसे मना करने पर मेरा देवर मोनू पुत्र ओमप्रकाश व मेरे ससुर ओमप्रकाश मुझे लाठी डंडे से मारने-पीटने लगे जिससे मेरे हाथ में गंभीर चोट आ गई है उक्त लोग मुझ पर गलत नियत भी रखते हैं तथा आये दिन धमकी भी देते रहते हैं। प्रार्थिनी ने सहजनवां थाना में दिए तहरीर के माध्यम से उपरोक्त लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है उक्त मामले के संदभ:- में हल्का इंचार्ज उप निरीक्षक सत्यदेव सिंह से बात करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं उठा। वहीं थाना प्रभारी सहजनवां उप निरीक्षक इत्यानंद पांडे ने बताया महिला द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत हैं,अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### लहरतारा स्थल को देखने के बाद बोले कमिश्नर कमल फूल में प्रकट होंगे संत कबीर, प्रकाट्य स्थल को विकसित करना शासन का लक्ष्य

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। लहरतारा स्थित तालाब के बीच में कमल के फूल में संत कबीरदास प्रकट होंगे इसके साथ ही आठ करोड़ से कबीर प्रकाट्य स्थल लहरतारा परिसर को विकसित किया जाएगा यह जानकारी कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने दी` प्रकाट्य स्थल का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने कहा कि कबीर प्रकाट्य स्थल को विकसित करना शासन की प्राथमिकता में है इस सुंदर और आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने प्राचीन संत कबीर प्रकाट्य स्थल लहरतारा के विकास के लिए आठ करोड़ रुपये स्वीकृत की है इस पैसे से होने वाले विकास कार्यों की जानकारी लेने के लिए कमिश्नर कौशल राज शर्मा संत कबीर प्रकट स्थल पहुंचे सबसे पहले उन्होंने कबीर साहब का दर्शन किया इसके बाद पूरे परिसर का निरीक्षण किया साथ ही मठ के महंत गोविंद दास शास्त्री से विकास कार्यों को लेकर बातचीत की कमिश्नर ने आश्रम परिसर और तालाब की पौराणिकता के बारे में जानकारी की. बताया गया कि सद्गुरु कबीर साहब की प्राकट्य इसी लहरतारा सरोवर में कमल के फूल पर पाया गया था यदि लहरतारा सरोवर के बीचों बीच इस दृश्य को स्थापित किया जाएगा तो यह दृश्य अद्भुत होगा इसपर कमिश्नर ने पूरे परिसर की सुनियोजित तरीके से विकास का खाका तैयार कर दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी शैलेश सिंह, जेई अजय मिश्रा, संत दिनेश दास आदि लोग मौजूद थे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं